www.niesbud.nic.in

उद्यमी लभते सिद्धिम्
niesbud

वार्षिक प्रतिवेदन 2013-14
Annual Report

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान)

The National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development (NIESBUD)
(An Autonomous Institute of Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises)

टोल फ्री न०
1800-180-8956

परिसर

वेबसाइट : www.niesbud.nic.in www.niesbud.org www.niesbudnaukri.com
www.niesbudtraining.org www.msmevirtualclusters.in

विषय-सूची

3 परिचय

5 उद्यमीय और कौशल प्रशिक्षण

7 प्रशिक्षण गतिविधियाँ

19 रोजगार सहायता

23 अनुसंधान, मूल्यांकन, सेमिनार और कार्यशालाएं

27 सूचना प्रौद्योगिकी परिपेक्ष्य

31 नई पहलें और अन्य गतिविधियाँ (2013-14)

35 क्षेत्रीय कार्यालय की गतिविधियाँ

37 निसबड के वित्तीय सुधार

39 संगठन और प्रबंधन

45 लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे (2013-14)

61 परिशिष्ट 'क' : वित्तीय स्थिति

62 परिशिष्ट 'ख' : कार्यक्रमों और लाभार्थियों की संख्या का विवरण

70 परिशिष्ट 'ग' : संगठन चार्ट

माननीय मंत्री सू.ल.म.उ. श्री कलराज मिश्र निसबड परिसर में कार्य ाला के अवसर पर सम्बोधन करतें हुए साथ में सचिव श्री माधव लाल संयुक्त सचिव श्री एस.एन त्रिपाठी, महानिदे ाक निसबड श्री अरूण कुमार झा।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) उद्यमिता विकास के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का एक भीर्श प्रि ाक्षण संस्थान है। यह स्वायत्त संस्थान 1983 से प्रि ाक्षण, पराम ा तथा अनुसंधान एवं प्रका ान के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संस्थान की प्रमुख गतिविधियाँ में प्रि ाक्षिकों का प्रि ाक्षण (टी0ओ0टी0), प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी), उद्यमिता–सह–कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) इत्यादि भाामिल है। संस्थान द्वारा पिछले वर्शो में 31 मार्च 2014 तक 2.60 लाख से ज्यादा व्यक्तियों को उपयुक्त प्रि ाक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिसमे विदे ाी मूल के 2500 से ज्यादा व्यक्ति जोकि 125 से अधिक दे ाों से आये हुए, भाामिल है। संस्थान को मार्च, 2014 के दौरान प्रशिक्षण एवं संबंधित गतिविधियों में गुणवत्ता के लिए आईएसओ 9001:2008 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। संस्थान को सैद्धांतिक रूप से उद्यमिता प्रबंध (60 सीट) में दीर्घकालीन (दो वर्ष) स्नातकोत्तर डिप्लोमा शुरू करने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह निसबड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो नए अवसर खोलने के लिए रास्ता तैयार करेगा और संस्थान को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा।

1.1 संस्थान की प्रमुख गतिविधियों में निम्न शामिल हैं :

❖ प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण की जरूरतों के साथ–साथ उसमें कमियों का मूल्यांकन करना और तदनुसार उद्यमिता के लिए युवान्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने में सुविधा देना।
- समाज के विभिन्न स्तरों में उद्यमिता की संस्कृति का संवर्धन करने के लिए विभिन्न मीडिया के प्रयोग को विकसित करना, डिजाइन बनाना और सहायता करना।
- निसबड ऐसे संगठनों की सहायता करके समर्थनात्मक और उत्प्रेरणात्मक भूमिका निभाता है जो देश में उद्यमिता और स्व–रोजगार के विकास और संवर्धन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से लगे हुए हैं।

❖ परामर्श:

- उद्यमिता और सू.ल.म.उ के क्षेत्र में परामर्शी सेवाएं देना। सरकारी या निजी क्षेत्र में उद्यमी प्रशिक्षण में कार्यरत अन्य संस्थानों को भी सलाह और परामर्श देना।
- उद्यमिता तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को सप्रत्ययीकरण, डिजाइन तथा मानकीकृत करना।

निसबड केंद्र में प्रतिभागी कम्प्यूटर कक्षाएं लेते हुए

- उद्यमिता और सू.ल.म.उ के क्षेत्र में सरकार (केन्द्र और राज्य दोनों) और विदेशी सरकारों को सलाह देना।

❖ अनुसंधान एवं विकास :

- उद्यमिता विकास वि ोशतः सू.ल.म.उ के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास गतिविधियों का संवर्धन करना। उद्यमिता/उद्यम विकास से संबंधित दस्तावेज तैयार करना और सूचना का प्रचार–प्रसार करना;
- उद्यमिता/उद्यम विकास/सू.ल.म.उ से संबंधित साहित्य और सूचना सामग्री तैयार करना और प्रकाशित करना;
- मुख्यतः संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों आदि के माध्यम से विभिन्न समूहों के लिए अनुभवों के आदान–प्रदान एंव विचार–विमर्श करने के लिए मंच प्रदान करना;
- नए आर्थिक उद्यमों की स्थापना में चरम बिन्दु पर पहुंचने के लिए उद्यमिता विकास की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सामान्य ज्ञान हेतु समस्याओं का अध्ययन और अनुसंधान/समीक्षा अध्ययन आदि करना।

संस्थान के प्रशिक्षण कार्यकलाप उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित करने, उसकी सहायता करने और संपोषित करने पर केन्द्रित हैं। निसबड द्वारा आरंभ किए / प्रायोजित किये गये कार्यक्रमों का सतत् मूल्यांकन और संशोधन किया जाता है ताकि उन्हें उद्यमिता और लघु उद्योग विकास की बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुकूल बनाया जा सके। यह संस्थान उद्यमिता के विकास के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने तथा उन व्यक्तियों के समर्थन के लिए, प्रचलित भ्रान्तियों को दूर करके आम जनता के बीच अनुकूल दृष्टिकोण विकसित करने में लगा है, जो उद्यमिता संबंधी जीवन–वृत्ति अपनाना चाहते हैं।

1.2 ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार सृजन की विभिन्न योजनाओं की घोषणा ने मॉडल पाठ्यक्रम तैयार करके, लाभग्राहियों तथा अनुदेशकों के लिए नियम–पुस्तकें बनाकर, नवीन प्रशिक्षण सहायक सामग्री, प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आदि आयोजित करके स्व रोजगार का व्यापक रुप से प्रचार करने में अपनी निर्णायक भूमिका प्रदर्शित करने के लिए, इस संस्थान को नई चुनौतियाँ प्रदान की हैं।

1.3 संस्थान के कार्यक्रमों की वित्त व्यवस्था अधिकांशतः सरकार द्वारा की जाती थी चूंकि उद्यमिता तथा कला विकास एक संवर्धनात्मक और औद्योगिक विस्तार कार्यकलाप हैं। तथापि बदलते हुए समय को ध्यान में रखते हुए और सरकारी नीति–निर्देशों के अनुरूप, अधिक कार्यक्रम आयोजित करके, शुल्क युक्त बाजारोन्मुखी प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन बढ़ा कर, प्रशिक्षण सामग्री की बिक्री बढ़ाकर तथा अनुपातिक प्रशासनिक खर्चों में कमी करने के ठोस प्रयासों के परिणाम स्वरूप संस्थान आवर्ती व्यय के संबंध में वित्तीय आत्मनिर्भरता प्राप्त करने तथा बनाये रखने में सक्षम हुआ है।

1.4 संस्थान को दिशा–निर्देश एवं मार्गदर्शन इसकी संचालन परिषद् द्वारा मुहैया कराया जाता है जिसके अध्यक्ष माननीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हैं और सचिव, भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, उपाध्यक्ष हैं। सचिव (सू.ल.म.उ.) अध्यक्ष, अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (सू.ल.म.उ.) उपाध्यक्ष और संस्थान के महानिदेशक सदस्य सचिव के तौर पर तथा 3 नामित सदस्यों सहित, कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्य हैं। संचालन परिषद् की नीतियों और निर्णयों का निष्पादन कार्यकारिणी समिति द्वारा किया जाता है।

1.5 संस्थान के पास संकाय का प्रावधान है जो उद्यमी सक्षमता और प्रोत्साहन, परियोजना की पहचान करने और तैयार करने, वित्त, लघु उद्यम प्रबंध, महिला उद्यमिता, बौद्धिक सम्पत्ति अधिकारों, विपणन प्रबंध और उद्यमी शिक्षा, ई–लर्निंग मॉड्यूल, वेब प्लेटफार्म अर्थात् www.virtualcluster.in पर उद्यमों की स्थापना, उद्भवन के द्वारा प्रशिक्षण के पश्चात् सहायता प्रदान करने और कुशल व्यक्तियों के लिए नौकरी पोर्टल www.niesbudnaukri.com विकसित करके नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों के बीच मिलान, विकासात्मक हिस्सेदारों की नेटवर्किंग, अनुभवी एवं वरिश्ठ वि ोशज्ञों सहित मद्द करता है। संकाय के सदस्यों की विशेषज्ञों के पैनल द्वारा सही पद्धति से सहायता की जाती है।

1.6 संस्थान ए–23, सेक्टर – 62, नोएडा, (दिल्ली) एनसीआर में एकीकृत कैम्पस से कार्य कर रहा है। यह लगभग 40,000 वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र के साथ 10,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में स्थापित है। इसमें पुस्तकालय, 32 कमरों का छात्रावास और अन्य सुविधाओं के अलावा 8 प्र ाक्षण कक्ष, 1 ऑडिटोरियम और 1 सम्मेलन कक्ष है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, विकसित या विकासशील दोनों ही तरह के देशों के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण तथा निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इन क्षेत्रों के यूनिटों द्वारा विभिन्न सामाजिक आर्थिक कर्तव्यों का निर्वाह करने के कारण इनको एक अर्थव्यवस्था का *''इंजन ऑफ ग्रोथ''* का नाम ठीक ही दिया गया है। वर्तमान की कठिन परिस्थितियों में इन यूनिटों की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि संसार की लगभग सभी अर्थव्यवस्थाएँ इस समय इन क्षेत्रों को राहत और बचाव के लिए देख रही हैं।

इस बारे में भारत भी अपवाद नहीं है। लगभग रूका हुआ कृषि उत्पादन क्षेत्र, लगभग नगण्य रोजगार सृजन के साथ मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में धीमी ग्रोथ तथा सेवा सेक्टर द्वारा वांछित विकास दरों को न प्राप्त करना, सभी वर्तमान मुश्किल आर्थिक स्थिति में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों को सबसे अच्छा माध्यम मानते हैं।

2.1 देश की धरणीय तथा समावेशी बढ़ोतरी के लिए, सू.ल.म.उ. क्षेत्र को रीड़ की हड्डी ठीक ही माना गया है। क्षेत्र जिसको *''उद्यमिता की नर्सरी''* समझा जाता है, देश की जी.डी.पी. में 38 प्रतिशत, मैन्यूफैक्चरिंग उत्पाद में 45 प्रतिशत तथा निर्यात में 36 प्रतिशत से ज्यादा का योगदान करता है। यह 3 करोड़ 60 लाख उद्यमों द्वारा 6,000 से ज्यादा उत्पादों का उत्पादन करता है तथा 8 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

2.2 राष्ट्र की 120 करोड़ जनसमूह को उपर्युक्त तरीके से एक आर्शीवाद में बदलने की जरूरत है। आधे से अधिक युवाशक्ति वाले भारत विश्व में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि ये सभी युवा प्रशिक्षित हो जाएं तो देश की अर्थव्यवस्था कहां से कहां पहुंच जाए यह अकल्पनीय है।

2.3 आज की परम आवश्यकता निसंदेह ''उद्यम सृजन'' करना और ''कौशल प्रशिक्षण'' है, बाद वाला बेरोजगारों की बढ़ती हुई श्रृंखला के लिए नौकरियों के सृजन के अलावा कुशल बल के माध्यम से लघु उद्योग क्षेत्र का अनुपूरण भी कर रहा है।

2.4 तदनुसार, आज की सरकार बेरोजगार व्यक्तियों द्वारा सूक्षम और लघु इकाइयों की स्थापना पर यथोचित बल देती रही है और प्रशिक्षण और हाथ से संभालने के पश्चात् क्रेडिट, विपणन और प्रौद्योगिकी सहायता की सेवाओं का व्यापक पैकेज प्रदान करके लघु उद्योग क्षेत्र में इकाइयों को समर्थनकारी वातावरण प्रदान कर रही है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की निधियों का आवंटन, उद्यमी प्रयासों को तेज करने वाली नोडल एजेंसियों ने 11वीं योजना के लगभग 11,000 करोड़ रुपए से दुगना करके 12वीं योजना के दौरान लगभग 24,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

2.5 विगत के अनुभव ने दर्शाया है कि यह बिल्कुल संभव है कि आयोजित प्रयासों के माध्यम से स्वरोजगार, आय पैदा करके आर्थिक उद्यमों को विकसित किया जा सकता है। संभावित लाभ–भोगियों के बीच सफलता की ऊंची दर को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण की जरूरत को बार–बार प्रदर्शित किया गया है। इसके लिए संवर्धनात्मक परिवर्तन एजेंटों की ओर से विशेषज्ञ सक्षमताएं अपेक्षित है जिन्हें प्रशिक्षण हस्तक्षेपों के माध्यम से विकसित किया जा सकता है।

2.6 ''उद्यम सृजन'' और ''नियोज्यता'' में सुधार में कौशल प्रशिक्षण द्वारा निभायी गई महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए सरकार ने वर्ष 2022 तक 500 मिलियन युवाओं का कौशल बढ़ाने के लक्ष्य हेतु कौशल भारत मिशन विकसित किया है जो क्रियान्वित भी हो रहा है।

2.7 सू.ल.म.उ. मंत्रालय अपनी विशेषज्ञ संस्थाओं और क्षेत्र संगठनों के माध्यम से वर्ष 2022 तक 150 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा और पिछले वर्ष तक लगभग 28 लाख व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वर्ष 2022 तक शेष 122 लाख व्यक्तियों के प्रशिक्षण का कार्य निसबड जैसे केन्द्र द्वारा सर्वोत्तम ढंग से किया जा सकता है जिसने अपनी क्षमता को पिछले 4 वर्षों के दौरान

कम्प्यूटर हार्डवेयर कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण

8 गुना से अधिक बढ़ाया है और अगले वर्ष के दौरान इसे दुगना करने की आशा है अर्थात् 5 वर्ष की अवधि के दौरान उल्लेखनीय 16 गुना है।

सुगंन्धित तेल और इत्र की कक्षा

2.8 संस्थान को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने और प्रशिक्षित व्यक्तियों को आश्वस्त नौकरी एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सामाजिक न्याय और आधारिक्ता मंत्रालय, (भारत सरकार) द्वारा कार्यक्रम क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में पैनल में लिया गया है और जिससे यह राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (एनएसएफडीसी) और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी और वित्त निगम (एनएसकेएफडीसी) के लिए अनन्य क्रियान्वयन एजेंसी बन गया है। तदनुसार, संस्थान ने वर्ष के दौरान 600 अनुसूचित जाति भागीदारों के साथ उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में एनएसएफडीसी के तहत 24 प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए। प्रत्येक 1.5 महीने की अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डेस्क टॉप प्रकाशन, वेल्डर, कटिंग और टेलरिंग, विद्युत उपकरणों की मरम्मत, ब्यूटीशियन, स्टील फैब्रीकेशन, फिट्टर फैब्रीकेशन, सुगंन्धित तेल इत्रसाजी उत्पाद और दुपहिया मरम्मत के ट्रेड आदि हैं। प्रशिक्षण के पूरा होने के पश्चात् स्कीम के मानदण्डों के अनुसार कम से कम 70 प्रतिशत भागीदारों को लाभदायक ढंग से नियोजित किए जाने की संभावना है।

संस्थान के उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास के संवर्धन के क्षेत्र में शीर्ष निकाय होने के कारण यह विभिन्न लक्षित समूहों – उद्यमियों, प्रशिक्षकों, प्रवर्तकों, विकास पद–धारियों आदि के लिए नवीन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रस्तुत करता है। उनकी सार्थकता को बनाए रखने के उद्देश्य से संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रम इस प्रकार डिजाइन किए गए हैं कि प्रत्येक लक्षित समूह की विशेष प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा किया जा सके। कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम की सामग्री को लगातार संशोधित किया जाता है ताकि उनको बदलते वातावरण के अनुरूप रखा जा सके। संस्थान समकालीन मूल्यों वाले संगत और लाभदायक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए उभरते आर्थिक/उद्यमी परिदृश्य की आवधिक रूप से समीक्षा भी करता है।

नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों के अलावा, संस्थान विभिन्न नामित संगठनों/एजेंसियों से, उनकी विशेष प्रशिक्षण अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए, प्राप्त अनुरोधों के अनुसार बनाए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

3.1 वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा 3,886 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिससे 99,560 व्यक्तियों को लाभ प्राप्त हुआ। पिछले वर्ष की तुलना में कार्यक्रमों की संख्या के अनुसार 83 प्रतिशत अधिक था और प्रशिक्षणार्थियों की संख्या के संबंध में 85 प्रतिशत अधिक था। सभी श्रेणियों में गतिविधियों में समग्र वृद्धि हुई थी। संस्थान की उल्लेखनीय वृद्धि इस तथ्य से और प्रमाणित होती है कि संस्थान में भौतिक और वित्तीय पैरामीटरों पर पिछले 4 वर्ष के दौरान 1000 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

Box 3.1 **प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या**



संस्थान ने वर्ष 2012-13 के दौरान आयोजित 2129 गतिविधियों की तुलना में वर्ष 2013-14 के दौरान 3886 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया।

3.2 यह प्रभावशाली प्रदर्शन, संस्थान के प्रबंधन द्वारा बहुविधि कार्यकलापों के विस्तार एवं विविधता के उद्देश्य से प्रगतिशील एवं नवीनतम नीतियां अपनाकर संभव हुआ, जिसमें समय–समय पर सहयोगी संगठनों का सहयोग

स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयात निर्यात कार्यक्रम

भी लिया गया। यद्यपि अधिकांश प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वंय संस्थान द्वारा भिन्न–भिन्न राज्यों/संघ–शासित क्षेत्रों में आयोजित किए गए, 184 कार्यकलाप, प्रशिक्षण संस्थाओं की सहायतार्थ (ए.टी.आई.) योजना के अंतर्गत संस्थान के भागीदार संस्थाओं के माध्यम से आयोजित किए गए।

3.3 प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों/सहायक संगठनों के अधिकारियों/विभागाध्यक्षों/वरिष्ठ संकाय आदि को प्रशिक्षण/अभिमुखीकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयास जारी रखते हुए, संस्थान ने वर्ष के दौरान, 653 भागीदारों के लिए 32 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये। हालांकि अधिकांश प्रशिक्षण कार्यकलाप प्रायोजित थे जोकि सम्बन्धित संगठनों के अनुरोध पर आयोजित किए गए, कई कार्यक्रम बाजारोन्मुखी स्व–प्रदत्त थे।

3.4 संस्थान ने सहयोगी संस्थानों और अवसंरचना प्रदाताओं के 55 समन्वयकों/संकाय को अभिविन्यास प्रदान करने के लिए सू.ल.म.उ. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई) स्कीम के तहत प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) की 2 श्रृंखलाएं आयोजित की ताकि वे स्कीम के तहत कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से आपेक्षित कर सकें।

3.5 उद्यमी आंदोलन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान ने व्यक्तियों, विशेष रूप से विद्यार्थियों, जो विभिन्न कारणों से पूर्णकालिक उद्यमिता विकास कार्यक्रम, पाठ्यक्रम में उपस्थित होने की स्थिति में नहीं हैं, जिसके प्रचुर लाभ के लिए उद्यमिता विकास के ई–लर्निंग मॉडयूल को विकसित किया है। विभिन्न राज्यों में शुरू किए गए मॉड्यूल में 50,196 व्यक्ति नामांकित किए गए और मॉड्यूल के तहत प्रमाणीकृत किए गए। संस्थान का प्रयास है कि पास होने वाले विद्यार्थियों को सेवाएं प्रदान करके स्वरोजगार में वैकल्पिक पेशे के विकल्प की सराहना करने में समर्थ हुए हैं।

3.6 उद्योग को कुशल जनशक्ति की आपूर्ति में वृद्धि करने के प्रयासों से सामाजिक सुविधा संगम : मिशन कनवरजेंस, दिल्ली सरकार के तत्वाधान में स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाई) के तत्वाधान में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुए। विभिन्न ट्रेड/कौशलों में प्रत्येक तीन महीने के अवधि के 47 कार्यक्रमों में पहचान की गई श्रेणियों से 1425 भागीदारों द्वारा भाग लिया गया। महानिदेशक पुनर्वास (डीजीआर) द्वारा वर्ष के दौरान प्रायोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम में सशस्त्र सेनाओं के तीन विंग से 16 सेवानिवृत्ति होने वाले कार्मिकों ने भाग लिया।

3.7 इसके बाजार उन्मुख फीस–आधारित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन और आयोजित करने पर बल देने को जारी रखते हुए संस्थान ने वर्ष के दौरान ऐसे कुल 270 उद्यमिता–सह–कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) आयोजित किए जिसमें 5,862 व्यक्तियों ने भाग लिया। खाद्य प्रसंस्करण, टैली के साथ कम्प्यूटर लेखाकरण, कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग तथा डेस्क टॉप प्रकाशन को अधिकतम प्रत्युत्तर प्राप्त हुआ।

3.8 संस्थान ने निर्यात प्रबंध और प्रलेखन के तहत कुल 18 कार्यक्रम आयोजित किए। मौजूदा और उदीयमान उद्यमियों की उपलब्धता को देखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम सप्ताहांत और सप्ताह के दिनों के साथ–साथ उनकी उपलब्धता और सुविधा का पता लगाकर आयोजित किए गए थे। कैम्पस–प्रशिक्षण के अलावा, ऐसे प्रशिक्षण कैम्पस के बाहर विभिन्न स्थानों जैसे कि कोलकाता और देहरादून में भी आयोजित किए गए। निर्यातकों की शक्ति को सुदृढ़ करने के लिए वेब डिजाइनिंग और संवर्धन पर दो कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, इन कार्यक्रमों के माध्यम से 241 लाभार्थियों ने लाभ उठाया।

3.9 संस्थान ने वर्ष के दौरान सू.ल.म.उ. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं को सहायता (एटीआई) स्कीम के तहत 1500 उद्यमिता–सह–कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 39,979 व्यक्तियों ने भाग लिया 100 घंटे से 300 घंटे के बीच के कार्यक्रमों में 23 व्यावसायिक ट्रेड सहित कुल 67 विभिन्न ट्रेड को कवर किया गया, जिनमें वर्ष के दौरान पहली बार कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान द्वारा अधिकांश कार्यक्रम बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में आयोजित किए गए। इन गतिविधियों में अधिकांश कैम्पस के बाहर के कार्यक्रम थे, इनकी प्रभाविता को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से मॉनीटर किया गया था। इन गतिविधियों की उल्लेखनीय विशेषता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मानकीकरण पर मुख्य समूह द्वारा

Graph 3.1 प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या



सुझाए गए मानकीकृत पाठ्यक्रम का अनुपालन करना था।

3.10 वर्ष 2013–14 के दौरान संस्थान ने 65 देशों से लिए गए 252 व्यक्तियों के साथ 13 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उद्यमिता के विकास में विविध भारतीय अनुभवों को साझा करने का अद्वितीय अवसर भी प्रदान किया। ये कार्यक्रम विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के तहत प्रायोजित किये गये।

3.11 वर्ष 2013–14 के दौरान संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण गतिविधियों के संक्षिप्त ब्यौरे नीचे प्रस्तुत किए गए हैं :–

3.11.1 प्रशिक्षकों/प्रवर्तकों का प्रशिक्षण (टीओटी)

संस्थान एक राष्ट्र स्तरीय उद्यमिता निकाय होने के नाते देश में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों की उपलब्धता को बढ़ाने में अपना योगदान देता रहा है, जो लाभार्थियों को सीधे प्रशिक्षण प्रदान करते हैं या सहायता सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार हैं। इसका उद्देश्य है कि कार्यकलापों का कासकेडिंग प्रभाव हो। ऐसे प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों की आवश्यकता हाल में प्रत्यक्ष कारणों से बढ़ रही है: उद्यमिता कैरियर के लिए इच्छुक व्यक्तियों की बढ़ती संख्या और विभिन्न सरकारी स्कीमों के अंतर्गत लाभ प्रदान करने के लिए पूर्व–अपेक्षानुसार उद्यमी प्रशिक्षण पर जोर दिया जाना। इन प्रशिक्षण कार्यकलापों का मुख्य उद्देश्य भिन्न–भिन्न रूपों में प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों की क्षमताओं विकसित/मजबूत करना है ताकि वे अपनी संबंधित भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा सकें।

संस्थान ने वर्ष के दौरान उद्यमी प्रोत्साहन प्रशिक्षकों के लिए 2 प्रत्यायन कार्यक्रम आयोजित किए।

प्रत्येक शुरुआती और अंतिम चरण के कार्यक्रमों में 26 भागीदारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर संस्थान द्वारा 8 भागीदारों को प्रशिक्षकों के रूप में प्रत्यायित किया गया। संगठन विकास और उत्कृष्टता के लिए नवीन नेतृत्व पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसका प्राथमिक उद्देश्य बुनियादी भूमिकाओं/तकनीकों और उनके किसी संगठन में अनुप्रयोग के साथ भागीदारों को परिचित कराना था। कार्यक्रम में डीसी (सू.ल.म.उ.) कार्यालय के 12 अधिकारियों के समूह सहित 20 भागीदारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्य भागीदार एनएसआईसी, केवीआईसी, केनरा बैंक और राज्य व्यापार निगम से लिए गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी), विश्व बैंक समूह का एक सदस्य, से पूर्व में हुए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसरण में संस्थान ने आईएनपीएसीटी नामक – (प्रशिक्षकों की क्षमता को प्रगामी करने के लिए आईएफसी और निसबड कार्यक्रम पूर्व में निसबड–आईएफसी क्षमता निर्माण कार्यक्रम) 11 प्रशिक्षक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित की। संस्थान ने मई, 2012 में शुरू हुए 17 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूरा किया। 150 से अधिक भागीदार कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कड़ी चयन प्रक्रिया से गुजरे थे। इस वर्ष के कार्यक्रम भारत भर में विभिन्न शहरों में आयोजित किए गए जिनका बुनियादी उद्देश्य भारत में सू.ल.म.उ. के साथ संबद्ध उद्यमी और व्यवसाय कौशल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कौशल को बढ़ाना है। अध्यापन आईएफसी के व्यवसाय नेतृत्व कार्यक्रम पर आधारित है जिसका अब तक 30 से अधिक देशों में 1,500 से अधिक व्यवसाय कौशल प्रशिक्षकों के कौशल को बढ़ाना और प्रमाणित करने के लिए प्रयोग किया गया। इस सत्र के तहत कुल 28 प्रशिक्षक प्रमाणित हैं और मास्टर प्रशिक्षक बनने के पात्र हैं।

नोएडा में आयोजित इन्पेक्ट कार्यक्रम में सर्वोत्तम प्रस्तुतिकरण के लिए पुरस्कार प्राप्त करते हुए प्रतिभागी

सू.ल.म.उ. सत्र कार्यक्रम के तहत भारत में व्यवसाय सदस्यता संगठन (बीएमओ) के क्षमता निर्माण पर लक्षित जीआईजैड के साथ समझौता ज्ञापन के पश्चात् संस्थान ने जीआईजैड के सहयोग से बीएमओ के सचिवालय के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के 20 भागीदारों को सहयोग प्रबंध, राजस्व उत्पादन, सरकारी सहायता स्कीमों के लिए पहुंच, समर्थन और व्यवसाय जिम्मेदारी के क्षेत्रों में अभिविन्यास प्रदान किया गया था।

महानिदेशक पुनर्वास (डीजीआर), रक्षा मंत्रालय के साथ हुए समझौते के अनुसार संस्थान ने एलायंस एजुकेयर, साझीदार संस्थान के साथ सक्रिय सहयोग से वर्ष के दौरान अपने कैम्पस में लघु/ग्रामीण उद्यमिता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। 16 सप्ताह के कार्यक्रम में 16 रक्षा कार्मिकों ने भाग लिया, जिसे डीजीआर द्वारा सशस्त्र सेनाओं – वायु सेना, थल सेना और नौसेना के तीनों विंग के प्रतिनिधित्व को प्रायोजित किया गया, जो काफी उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम भागीदारों के स्वभाव और जागरूकता के बीच अंतर को भरने और किसी आर्थिक उद्यम की स्थापना कराने और चलाने के लिए व्यावहारिक अपेक्षाओं के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

3.11.2 विकास अधिकारियों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम

उद्यमिता के संवर्धन के विभिन्न पहलुओं में समर्थन संगठनों के पदाधिकारियों के लिए लगातार अभिविन्यास प्रदान करने के महत्व को कम नहीं किया जा सकता। इन परिवर्तन एजेंटों की वांछित लक्षित समूहों के बीच उद्यमी संस्कृति के संवर्धन में भूमिका संभावित लाभार्थियों के साथ उनके प्रत्यक्ष संबंध के कारण महत्वपूर्ण हो जाती है।

संस्थान ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और जीआईजैड के सहयोग से उद्यमिता पर स्कूलों के अध्यापकों के लिए शिक्षण विधियों पर 3 कार्यक्रम आयोजित किए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता के प्रसार के लिए प्रभावी प्रशिक्षण विधि शुरू करना था।

इसके अलावा नियोज्यता कौशल पर विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रम में, अन्य कौशल के साथ–साथ, अंग्रेजी भाषा, उद्यमिता, सम्प्रेषण कौशल, गुणवत्ता के साधन और व्यावसायिक सुरक्षा के क्षेत्रों को लिया गया है।

3.11.3 उद्यमिता को बनाए रखने के लिए लघु उद्यम सतत् शिक्षा कार्यक्रम

सूक्षम और लघु उद्यमों को पुष्टि प्रदान करने के लिए और ऐसी इकाइयों को एक व्यवहारिक हस्ती बनाने के लिए संस्थान अपने लघु उद्यम जारी शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से कार्यरत उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इस श्रेणी में उद्यम के लिए प्रबंध की विवेचित कार्यात्मक क्षेत्रों में गहराई से ज्ञान और कार्यकरण कौशलों को प्राप्त करने के लिए छोटी अवधि के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। इस वर्ष संस्थान द्वारा निर्यात–आयात प्रक्रिया और दस्तावेजीकरण पर 18 प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई जिसमें 165 मौजूदा/संभावित उद्यमियों, वरिष्ठ कार्यपालकों, परामर्शदाताओं आदि ने भाग लिया। एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में, अन्य बातों के साथ–साथ, निर्यात संगठन का निर्माण, विदेश व्यापार नीति और अंतर्राष्ट्रीय वातावरण, उत्पाद और देश का चयन, इनकोटर्म 2010, भुगतान की शर्तें और साख पत्र, निर्यात वित्त और फेमा, दस्तावेजीकरण, इन्टरनेट विपणन और ई–कामर्स आदि के कुछ विषय शामिल किए गए थे।

3.11.4 वित्त और नेतृत्व प्रशिक्षण

लघु उद्योग के लिए ''वित्त कैसे जुटाएं'' पर एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम में 17 छोटे उद्यमियों, कार्यपालकों और परामर्शदाताओं ने भाग लिया।

नेतृत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 अधिकारियों ने भाग लिया जिसमें पर नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया गया और जिसका लक्ष्य उनके संबंधित संगठनों में विकास को सुनिश्चित करने के लिए भागीदारों की नेतृत्व की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना था।

''महिलाओं के लिए आयोजित अपनी बचतों का कैसे निवेश करें''– श्री एस.के. गगरू, भूतपूर्व ईडी, एसबीआई, श्री आर. के. चन्द्रा, सुश्री सरिता चौहान, निसबड कैम्पस में प्रतिभागियों के साथ

श्री राजीव सिन्हा, प्र. सचिव सू.ल.म.उ. पश्चिम बंगाल सरकार, श्री अरूण कुमार झा महानिदे ाक निसबड का मिलन मेला कोलकाता में स्वागत करते हुए।

3.11.5 विभागाध्यक्षों/वरिष्ठ संकायों/कार्यकारियों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम

संस्थान सरकारी और गैर–सरकारी क्षेत्रों में विभिन्न संगठनों के वरिष्ठ कार्यपालकों को अभिविन्यास प्रदान करता है। इन प्रशिक्षण गतिविधियों का उद्देश्य भागीदारों के ज्ञान और समझ को अद्यतन बनाना है ताकि उनके कार्यकलापों से संबंधित क्षेत्रों में उनके दिन–प्रतिदिन के प्रचालनों में अधिक विश्वास की भावना को आत्मसात किया जा सके और प्रभाविता दी जा सके।

संस्थान ने साझीदार संस्थाओं (पीआई) और अवसंरचना प्रदाताओं के कार्यक्रम निदेशकों/संकाय के लिए 3 अभिविन्यास कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की। कार्यक्रम सू.ल.म.उ. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं को सहायता (एटीआई) स्कीम के तहत आयोजित किया गया था, स्कीम के तहत उद्देश्यों, उद्यमी विकास के लिए विभिन्न स्कीमों और उद्यमी के व्यवसाय को अपनाने के लिए विद्यार्थियों को कैसे प्रोत्साहित किया जाए सहित प्रशिक्षण गतिविधियों को आयोजित करने के विभिन्न पहलुओं पर 87 व्यक्तियों को सुग्राही बनाया गया।

इसके अलावा, संस्थान की साझीदारी संस्थाओं के 27 प्रधानाचार्यों/संकाय सदस्यों के लिए अध्यापन विधियों पर अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। 3 दिवसीय कार्यक्रम को भागीदारों को समकालीन अध्यापन तकनीक, ग्रामीण/दूर–दराज के क्षेत्रों में सहायता/साधनों को संभालना, विभिन्न प्रशिक्षण के पश्चात् स्कीमों जैसे आरजीयूएमवाई, पीएमईजीपी आदि को प्रभावशाली ढंग से लागू करना, स्वरोजगार के लिए भागीदारों को और प्रोत्साहित/मार्गदर्शन कराने एवं सशक्त बनाने से अवगत कराने हेतु बुनियादी उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

3.11.6 कार्यपालकों का प्रशिक्षण

निसबड ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास वित्त निगम (एमएमडीएफसी) के स्टाफ सदस्यों के लिए कौशल को बढ़ाने और इसके उन्नयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। उनके प्रबंधकीय और तकनीकी स्टॉफ के लिए प्रशिक्षण के दौरान कवर किए गए प्रमुख विषयों में सीएसआर का आंतरीकरण, जोखिम प्रबंध और कर्मचारियों को बहु–कौशल बनाना शामिल था।

3.11.7 बौद्धिक संम्पदा सुविधाकरण केन्द्र (आईपीएफसी)

बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार के मुद्दों के प्रचार और संवर्धन और उदीयमान और मौजूदा उद्यमियों, विशेष रूप से मौजूदा समूहों में सूचना के लिए शाश्वत प्रयासों को जारी रखते हुए आईपीएफसी–निसबड ने देश के विभिन्न स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम/सेमिनार/कार्यशाला आयोजित की जिसमें समूह एक्टरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। क्षेत्रों जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, कॉपीराइट आदि में मामला–दर–मामला आधार पर चर्चाओं ने लाभदायक परिणाम दिए क्योंकि भागीदारों ने न केवल प्रशिक्षण हस्तक्षेप की सराहना की अपितु भविष्य में सतत् आधार पर ऐसे प्रयासों को दोहराने की जरूरत व्यक्त की ताकि जहाँ तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से आईपीआर का वांछनीय संकेन्द्रण मुद्दा प्राप्त कर सके। जिससे भारतीय उद्यमियों को डब्ल्यूटीओ तंत्र के पश्चात् देश के अंदर और बाहर व्यवसाय वातावरण में सदैव बढ़ती चुनौती का सामना करने में उनकी समग्र प्रतिस्पर्धात्मकता को लाभ प्राप्त हो सके। जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के विभिन्न स्थानों में 8 जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

3.11.8 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान विभिन्न अध्येतावृत्ति स्कीमों के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए

अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विदाई सत्र

श्री राजीव भार्मा मुख्य समन्वयक एवं श्री राके ा सिंह समन्वयक, निसबड कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर।

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के पैनल में है। संस्थान सामान्यतः वर्ष में 10–12 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

सामान्यतः 8 सप्ताहों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य भागीदारों को आवश्यक तकनीकों, विधियों आदि से अवगत करना है ताकि उनको संबंधित देशों में प्रवर्तकों/लघु व्यवसाय के प्रभावशाली प्रशिक्षण/संवर्धन एवं उनको कर्तव्य करने में समर्थ बनाया जा सके। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामांकन आईटीईसी/एससीएएपी और कोलम्बो प्लान अध्येयतावृत्तियों के तहत विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त किये जाते हैं।

घोषित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा, संस्थान विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/एजेंसियों, प्रभुसत्ता संपन्न सरकारों आदि से प्राप्त अनुरोध पर बनाए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है। संस्थान द्वारा लघु व्यवसाय योजना और संवर्धन (एसबीपीपी) पर ऐसा एक विशेष कार्यक्रम कोलम्बो प्लान सचिवालय के सहयोग से 10 भागीदारों के लिए वर्ष के दौरान आयोजित किया गया था। इसके अलावा, बीज उत्पादन में अफगान व्यवसाय प्रबंधकों के क्षमता निर्माण पर विशेष रूप से बनाया गया प्रशिक्षण आयोजित किया गया था जिसमें सरकारी अधिकारी के अलावा 6 अफगान एसएमई ने विधिवत् रूप में भाग लिया।

वर्ष 2013–14 के दौरान 65 देशों से लिए गए 252 व्यक्तियों के साथ संस्थान ने 13 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उद्यमिता के विकास में विविध भारतीय अनुभवों को साझा करने का अद्वितीय अवसर भी प्रदान किया।

संस्थान ने शीघ्र आने वाले और समकालीन क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का डिजाइन बनाने और आयोजित करने की अपनी परम्परा को जारी रखते हुए वर्ष के दौरान निर्यात प्रबंध पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया।

अफगानिस्तान

अरमिनिया

अर्जेनटीना

बांग्लादेश

भूटान

बोत्सवाना

कोलंबिया

डीआर कांगो

इथोपिया

फिजी आईलैंडस

घाना

गुनियाबासु

गुनिया

इंडोनेशिया

वर्ष के दौरान आयोजित तेरह कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :–

3.11.8 (क) क्लस्टर विकास – उद्यमिता के लिए/सू.ल.म.उ. उभरती रणनीति (सी.डी.ई.एस.–सू.ल.म.उ.)

संस्थान के सीडीईएस–सू.ल.म.उ. पर दूसरे पांच सप्ताह के अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अफगानिस्तान, घाना और नाइजीरिया से 10 भागीदारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम के दौरान भागीदारों को बुनियादी अवधारणाओं से परिचय के अलावा समूह विकास, लघु व्यवसायों के विकास के लिए समूह कार्यनीतियों, समूह विकास की प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हिस्सेदारों के विविध भारतीय अनुभवों से भी परिचित कराया गया। व्यावहारिक अभिविन्यास प्रदान करने के उद्देश्य से भागीदारों को विभिन्न औद्योगिक समूहों के दौरे पर ले जाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक भागीदार ने अपने संबंधित देशों में समूह विकास के लिए कार्रवाई योजना तैयार किया।

3.11.8 (ख) अंतर्राष्ट्रीय विपणन एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा (आईएमजीसी)

आईएमजीसी पर 5 सप्ताह के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 विभिन्न देशों : अफगानिस्तान, इथोपिया, घाना, आइवरी कोस्ट, कजाकिस्तान, मंगोलिया, नाइजीरिया, तजाकिस्तान, तन्जानियां और उज्बेकिस्तान से 15 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिस्पर्धात्मकता पर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों को साझा करने, निर्यात विपणन के लिए ज्ञान और कौशल को प्राप्त करने, अंतर्राष्ट्रीय विपणन में सुविधा के लिए नीतियों और योजना को समझने और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए कार्रवाई योजना तैयार करने के बुनियादी उद्देश्य से किया गया।

3.11.8 (ग) निर्यात प्रबंधन कार्यक्रम (ईएम)

संस्थान ने अपना ईएम पर पहला 5 सप्ताह का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन और आयोजित किया जिसमें तजाकिस्तान, तन्जानियां और जिम्बाम्वे से 05 भागीदारों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रतिस्पर्धात्मकता पर भारतीय अनुभवों को साझा करने, निर्यात बाजारों के प्रबंध के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करने, निर्यात बाजारों में सुविधा देने के लिए नीतियों और योजना से भागीदारों को परिचित कराने और निर्यातों के सफलतापूर्वक प्रबंध करने के लिए कार्रवाई योजना तैयार करने के बुनियादी उद्देश्यों से आयोजित किया गया।

मलावी

इराक

ईरान

आईवरीकोस्ट

जामाईका

कीनिया

किरिगस्तान


कजाकिस्तान

लाओ पीडीआर

लीस्थो

लिथुआनिया

मैडगास्कर

मालदीव

3.11.8 (घ) मानव संसाधन विकास और उद्यमिता शिक्षा (एचआरडीईई)

संस्थान ने वर्ष के दौरान एचआरडीईई पर अपना आठवां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। उद्यमी और प्रबंधकीय शिक्षा में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों, कार्यपालकों और परामर्शदाताओं के लिए 8–सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम मानव संसाधन विकास और उद्यमिता के साथ इसके संबंध की प्रक्रिया को भागीदारों को समझाने, उद्यमी गुणवत्ताओं को प्रेरित करने और नवीन परिवर्तनों के लिए प्रोत्साहित करने, उद्यमों/संगठनों का सृजन और प्रबंध करने के लिए क्षमताएं और योग्यताएं विकसित करने और उद्यमिता के माध्यम से एचआरडी के लिए कार्रवाई योजना तैयार करने के बुनियादी उद्देश्यों को संचालित किया गया था। कार्यक्रम में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, कोस्टारिका, क्यूबा, जाम्बिया, घाना, इण्डोनेशिया, आइवरी कोस्ट, लिबिया, मॉरिशस, मोरक्को, मोजाम्बिक, म्यांमार, नाइजर, ओमान, फिलीस्तीन, रोमानिया, सिऐरा लिओन, श्रीलंका, तन्जानियां, उज्बेकिस्तान, वेनेजुऐला और जिम्बाम्वे से 36 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

3.11.8 (ड.) व्यवसाय सलाहकारों का प्रशिक्षण (बीएटी)

बीएटी पर संस्थान के अठारहवें प्रशिक्षण कार्यक्रम में अफगानिस्तान, मोरक्को, नाइजर, सूडान, तन्जानियां और जिम्बाम्बे से 09 उद्यमी व्यक्तियों द्वारा भाग लिया गया। 8 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यम प्रबंध के महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने में पूरी जानकारी प्रदान करने, लघु उद्यमों के लिए नीतियाँ और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता को सुदृढ़ बनाने, व्यवसाय परामर्श के कौशल को तेज करने आदि के उद्देश्यों से आयोजित किया गया था। कक्षा में अध्यापन के पूरक उद्देश्य से प्रतिभागियों को आगरा, दिल्ली, जयपुर और चंडीगढ़ के शहरों में विभिन्न लघु इकाइयों और समर्थन संगठनों में अध्ययन दौरों पर ले जाया गया।

3.11.8 (च) लघु व्यवसाय योजना और संवर्धन (एसबीपीपी)

वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा एसबीपीपी पर तेईसवें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अफगानिस्तान, भूटान, कोलम्बिया, कोस्टारिका, डीआर कांगो, फिजी, आइवरी कोस्ट (कोट डी आइवरी), लाओ पीडीआर, मैडागास्कर, मलावी, मोरीटानिआ, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, नाइजर, नाइजीरिया, सीरिया, तजाकिस्तान, तन्जानियां, थाइलैण्ड, यूगाण्डा, उज्बेकिस्तान और जिम्बाम्वे से 31 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्रीलंका

मॉरीशस

मंगोलिया

म्यांमार

नॉबिया

नेपाल

नाइजीरिया

नाईजर

ओमान

पपुआ न्यूगिनियां

रूस

सर्बिया

सिरिया लियोन

स्लोवाकिया

साउथ अफ्रीका

सूडान

सीरिया

तजाकिस्तान

तंजानिया

टोगो

तुनिशिया

यूगांडा

उज्बेकिस्तान

वियतनाम

यमन

ज़ाम्बिया

जिबांवे

कार्यक्रम को व्यापक कवरेज प्रदान करने के उद्देश्य से संपूर्ण पाठ्यक्रम सामग्री को सात प्रमुख मॉड्यूल में विभाजित किया गया था – लघु व्यवसाय सृजन, लघु व्यवसाय योजना, लघु व्यवसाय प्रबंध कौशल, लघु व्यवसाय प्रवर्तकों की भूमिका और कार्य और दिल्ली के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों में विविध समर्थन संगठनों के दौरों के अलावा बहुत से लघु व्यवसाय उद्यमों के लिए क्षेत्रीय दौरे शामिल हैं।

3.11.8 (छ) स्वंय सहायता समूहों का निर्माण, विकास एवं स्थायीत्व (एसएचजीएफजीएस)

समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से महिलाओं के बीच उद्यमिता और आर्थिक गतिविधियों के संवर्धन में स्वयं–सहायता समूहों (एसएचजी) के बढ़ते हुए महत्व की पहचान करते हुए संस्थान ने अपना एसएचजीएफजीएस पर सातवां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। 8 सप्ताह का कार्यक्रम समूह बनाने की प्रक्रिया और एसएचजी की पुष्टि और विकास के लिए तकनीकों से प्रतिभागियों को परिचित कराने के बुनियादी उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बांग्लादेश, एसटोनिया, इथोपिया, म्यांमार, थाईलैण्ड, यूगाण्डा, जाम्बिया और जिम्बाम्वे के 08 विभिन्न देशों से 14 सहभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। पाठ्यक्रम के दौरान सहभागियों को भारतीय अनुभवों और एसएचजी और एसएमई के विकास के लिए फैलाए जा रहे दृष्टिकोणों को सीखने का अवसर दिया गया था।

3.11.8 (ज) कोलम्बो प्लान सचिवालय के लिए अनुरोध कार्यक्रम : लघु व्यवसाय नियोजना एव संवर्धन (एसबीपीपी)

एसबीपीपी पर 4 सप्ताह का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कोलम्बो प्लान सचिवालय से प्राप्त अनुरोध पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में 07 विभिन्न देशों : बांग्लादेश, फिजी, लाओ पीडीआर, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका आदि के 10 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम संभावित युवा उद्यमियों को अपने संबंधित सूक्ष्म/लघु इकाइयां स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन/सहायता करने और मौजूदा उद्यमियों को वृद्धि और विकास के लिए अपने आर्थिक प्रचालनों का विस्तार, आधुनिक बनाने या विविधीकृत करने पर सलाह देने में प्रतिभागियों की क्षमता को विकसित करने के बुनियादी उद्देश्य से आयोजित किया गया था। सूक्ष्म और लघु व्यवसाय को विकसित करने में भारतीय अनुभवों को प्रतिभागियों के साथ व्यापक रूप से साझा किया गया, जोकि समान सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि से थे।

3.11.8 (झ) उद्यमिता तथा आय सृजन कार्यकलापों का संवर्धन (ईपीआईजीए)

ईपीआईजीए पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 देशों नामतः बांग्लादेश, केमरून, इथोपिया, फिजी, ईरान, केनियां, किरगिस्तान, मॉरिशस, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, सिऐरालिओन, श्रीलंका, तजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, यमन और जाम्बिया से 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम आय वृद्धि करने के लिए उद्यमिता विकास में पूरी जानकारी विकसित करने, उपयुक्त सूक्ष्म उद्यमों की पहचान और चयन के लिए योग्यताएं विकसित करने और सूक्षम उद्यमों की पहचान करने, सृजन, विकसित करने और चलाने के लिए डिजाइन तैयार करने/योजना तकनीकों के लिए ज्ञान/कौशल प्रदान करने के उद्देश्यों के साथ संचालित किया गया था।

3.11.8 (ञ) महिलाएं एवं उद्यम विकास (डब्ल्यूईडी)

डब्ल्यूईडी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, कम्बोडिया, इक्वाडोर, मिस्र, इथोपिया, फिजी, घाना, गुनिया, इण्डोनेशिया, ईरान, किरगिस्तान, मैडागास्कर, मॉरिशस, म्यांमार, नेपाल, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, सेंट लुसिया, सूडान, तजाकिस्तान और तन्जानियां से 34 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। 8 सप्ताह का कार्यक्रम अपने संबंधित देशों में आर्थिक गतिविधियां शुरू करने अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित करके महिला उद्यमिता विकास के क्षेत्र में प्रभावी प्रशिक्षक/प्रवर्तक/परामर्शदाता बनाने तथा प्रतिभागियों की मदद करने के लिए बनाया गया था। कार्यक्रम ने मुख्यतः समाज के विभिन्न आर्थिक वर्गों से आने वाली महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे लघु उद्यमों को बनाए रखने और सृजन के विशेष संदर्भ में महिला उद्यमिता विकास पर ध्यान केन्द्रित किया। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में उद्यम निर्माण, सूक्ष्म क्रेडिट, ग्रामीण महिलाओं, ग्रामीण विपणन आदि के लिए स्वयं सहायता समूहों के लक्षणों पर विशेष ध्यान दिया गया था।

3.11.8 (ट) संगठन के विकास और उन्नयन के लिए अभीनव नेतृत्व (आईएलओजीई)

संस्थान ने वर्ष के दौरान आईएलओजीई पर तीसरा 8 सप्ताह का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बांग्लादेश, कम्बोडिया, कुमोरस, इक्वाडोर, इथोपिया, हंगरी, आइवरी कोस्ट, कजाकिस्तान, कीनिया, किरगिस्तान, लाओस, लीसोथो, लाइबीरिया, मैडागास्कर, मॉरिशस, म्यांमार, नेपाल, नाइजीरिया, पेरू, पौलेंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, सूडान, तजाकिस्तान और वेनेजुएला के 25 विभिन्न देशों से कुल 36 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विचारों को पैदा

करने और समस्याओं और डिजाइन को समझने की कला के संबंध में अभिनवों के रूप में प्रतिभागियों को विकसित करने, विभिन्न लक्षित समूहों के लिए विकास स्कीमें और कार्यक्रम बनाने और क्रियान्वित करने के बुनियादी उद्देश्य से बनाया गया था। कार्यक्रम में, अन्य बातों के साथ–साथ, संगठनों के विकास, उत्कृष्टता और पुष्टि को सुनिश्चित करने के लिए सकारात्मक अभिविन्यास और व्यावसायिक कौशलों पर ध्यान केन्द्रित किया।

3.11.8 (ठ) लघु व्यवसाय प्रशिक्षकों/प्रोत्साहकों के लिए उद्यमिता (ईएसबी–टीपी)

ईसबी–टीपी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम बांग्लादेश, बुल्गारिया, आइवरी कौस्ट (कोट आइवरी), इथोपिया, गुनिया बिसाउ, कीनिया, किरगिस्तान, मॉरिशस, मोरक्को, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, सेंट लुसिया, सीरिया, तजाकिस्तान, टुवालु और उज्बेकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम इस प्रकार बनाया गया था कि विकासशील देशों से प्रशिक्षक और प्रवर्तक उद्यमिता विकास प्रक्रिया को समझने, संभावित उद्यमियों के लिए उद्यमिता प्रोत्साहत्मक प्रशिक्षण (ईएमटी) का डिजाइन और संचालन सीखने, संभावित उद्यमियों की पहचान के लिए कौशल प्राप्त कर उनका पता लगाने के लिए उपयुक्त चयन तकनीकों/साधनों का प्रयोग कर, उद्यम शुरू करने की गति को समझने, अवसर की बारीकी से जांच, परियोजना तैयार करना, संसाधनों का मूल्यांकन कर, लाभभोगियों को उनके उद्यमों का सफलतापूर्वक प्रबंध करने व मार्गदर्शन कर क्षमता प्राप्त करना और उनके उद्यमों की स्थापना में उनको सहायता प्रदान करने में समर्थ हो सकें। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम में, अन्यों के साथ–साथ, भावनात्मक सूचना, बीपीआर और आईटी का अनुप्रयोग शामिल था।

3.11.8 (ड) अफगानिस्तान के व्यवसाय प्रबंधकों के लिए का क्षमता निर्माण कार्यक्रम

संस्थान ने अफगान प्रमाणित बीज उत्पादन कंपनियों के व्यवसाय प्रबंधकों के लिए 2 सप्ताह का विशेष रूप से तैयार किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। ग्लोबल प्रोजेक्ट एण्ड सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम को अफगान ग्रामीण उद्यम विकास कार्यक्रम (एआरईडीपी), ग्रामीण पुनर्वास और विकास मंत्रालय (एमआरपीडी), अफगानिस्तान सरकार के तहत प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम में मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा अफगानिस्तान में बीज उत्पादन में कार्यरत 6 एसएमई इकाईयों द्वारा भाग लिया गया। कृषि में गुणवत्ता वाले बीज के महत्व के क्षेत्रों में कक्षा में अध्ययन, फसल किस्म विकास और अनुरक्षण, गुणवत्ता वाले बीज का उत्पादन, बीज सुखाने, साफ करने और प्रोसेसिंग, बीज स्वास्थ्य प्रबंध, बीज गुणवत्ता आश्वासन और प्रमाणन, बीज गुणवत्ता की जांच, शुद्धता, आर्द्रता और अंकुरण, अंतर्राष्ट्रीय बीज की जांच करने के संलेख, विपणन की विधियां, नवीन रणनीतियां और लिंकेज, बीज व्यवसाय का प्रबंध ताकि लघु और मध्यम उद्यमों को व्यवसाय सलाह का समर्थन दिया जा सके, क्षमता निर्माण और तकनीकी सेवाएं, बीज पैकिंग और भंडारण और पश्च और अग्र लिंकेज सहित आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंध के अलावा कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभिविन्यास प्रदान करने के लिए संस्थाओं, इकाइयों और समर्थन संगठनों के व्यापक क्षेत्र शामिल थे।

राजदूतों/उच्चायुक्तों के लिए संपर्क बैठक का आयोजन

संस्थान ने सामान्य रूप से और विशेष रूप से इसके अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों और इस संबंध में राजधानी में आधारित विदेशी बन्धुत्व की अपेक्षाओं को समझाने के लिए उद्यमी पहलों के बारे में उनके प्रतिनिधियों को अवगत कराने के उद्देश्य से 24 फरवरी, 2014 को संस्थान ने राजदूतों/उच्चायुक्तों के साथ परस्पर संपर्क कर बैठक आयोजित की थी। बैठक, जिसमें विभिन्न महाद्वीपों के प्रतिनिधियों के अद्वितीय समूह ने प्रतिनिधित्व किया, बैठक में दिल्ली में आधारित मिशनों के 15 राजदूतों/उच्चायुक्तों/प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अवसर का उपयोग संस्थान के परामर्शी सेवाओं के बुके को प्रस्तुत करने के लिए भी किया गया। संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में और सुधार करने के लिए विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी सुझावों पर तत्परता से कार्रवाई की।

3.11.9 उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)

विभिन्न लक्षित समूहों, विशेष रूप से विद्यार्थियों में उद्यमी संस्कृति के संवर्धन के लिए संस्थान उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) आयोजित करता रहा है। ये गतिविधियां सहभागियों के बीच उद्यमिता के सूक्ष्म भेदों को शुरू करने में भी समर्थ हैं। जैसा ऊपर बताया गया है, नौकरी सृजकों के सृजन के लिए सू.ल.म.उ. मंत्रालय की संवर्धनात्मक गतिविधियों के भाग के रूप में बहुतायत जनसंख्या तक पहुंचने के लिए ई–लर्निंग मॉड्यूल शुरू किए गए हैं। सामान्य युवाओं, जो कम्प्यूटर लेने में समर्थ नहीं है और इंटरनेट तक पहुंच नहीं रखते हैं उनको कालेज/संस्थान में लक्षित करके समाधान किया गया था और साथ ही उन्हें ई–लर्निंग मॉड्यूल की सीडी प्रदान करना बड़ी सफलता थी। इसमें 1 दिन कक्षा में अध्यापन और सीडी के माध्यम से 14 दिन कम्प्यूटर पर सीखना भी शामिल है। 15वें दिन सीखने के पश्चात् सीखने वाला ऑन–लाइन मूल्यांकन और उसके पश्चात् परीक्षा के लिए पात्र हो

जाता है, सीखने वाले के लिए ऑन–लाइन प्रमाणपत्र तैयार किया जाता है। ई–लर्निंग मॉड्यूल से 52,000 से अधिक व्यक्तियों को कवर किया गया है। निसबड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि थी जो उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के तहत इतने अधिक व्यक्तियों को कवर करने में समर्थ रहा। यह निश्चित रूप से उनके 4–5 प्रतिशत को स्वयं के उद्यम स्थापित करने में प्रोत्साहित करेगा और आय और रोजगार द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में पर्याप्त रूप से योगदान करेगा।

3.11.10 उद्यमिता–सह–कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी)

संस्थान सू.ल.म.उ. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं को सहायता (एटीआई) स्कीम के तहत उद्यमिता –सह–कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) आयोजित करता रहा है। 100 घंटे से 300 घंटों के बीच ये प्रशिक्षण गतिवधियां पूरे उत्तरी क्षेत्र में छोटे नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जाती हैं। वर्ष के दौरान संस्थान ने स्कीम के तहत 49,469 लाभभोगियों के लिए 1,923 ईएसडीपी आयोजित किए। इसमें 9,490 प्रतिभागियों के साथ 423 प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल थे, जो पिछले राजकोषीय वर्ष में शुरू किए परन्तु वर्ष 2013–14 में पूरे हुए। बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल के 13 राज्यों में फैले प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान द्वारा उत्कृष्ट रूप से स्वयं ही आयोजित किए गए थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 60 से अधिक ट्रेड (व्यवसायों) को कवर किया गया था और इनमें प्रमुख ये थे : एसी, रेफ्रिजरेटर और वाटर कूलर मरम्मत (71), सी, सी ++ एण्ड ओओपी (83), सीएडी/सीएएम (58), टेली के साथ कम्प्यूटर लेखाकरण (137), कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग (158), डीजल ईंधन इंजेक्शन तकनीशियन (93), विद्युत उपकरण मरम्मत (100), फैशन डिजाइनिंग (71), खाद्य प्रसंस्करण (86), गृह प्रबंधन और आतिथ्य (50), मोबाइल रिपेयर (99), प्लम्बिंग और सैनेटरी फिटिंग (68), मरम्मत और 3.13.8 विद्युत आपूर्ति, इनवर्टर और यूपीएस का अनुरक्षण (163), खुदरा प्रबंध (89) और वेब डिजाइनिंग (156)। विभिन्न भूगोलीय स्थानों में प्रशिक्षित व्यक्तियों की प्रभावी गतिशीलता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने सभी स्थानों पर मानकीकृत पाठ्यक्रम को अपनाया। सरकार की नीति के अनुरूप संस्थान ने समाज के विभिन्न लाभकारी वर्गों के प्रशिक्षण पर यथोचित बल दिया। तदनुसार, वर्ष के दौरान 3,550 महिलाओं 10,683 अनुसूचित जातियों, 8,132 अनुसूचित जनजातियों, 680 अल्पसंख्यकों और 3,053 अन्य पिछड़े वर्गों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षणार्थियों के डाटाबेस के मौजूदा मानीटरिंग तंत्र प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों का आना और बुलाने के साथ प्रशिक्षण आदि के अतिरिक्त उपायों को अपनाने के माध्यम से वर्ष के दौरान कैम्पस से बाहर गतिविधियों की प्रभाविता को सुनिश्चित करने के लिए और सुदृढ़ बनाया गया। यद्यपि, सू.ल.म.उ. के कॉल सेंटर प्रतिभागियों को गतिविधियों पर फीडबैक प्राप्त करने के लिए आवधिक रूप से कॉल करते हैं, फिर भी निसबड के समन्वयकर्ता प्रशिक्षणार्थियों का अनुवर्तन यह देखने के लिए करते हैं कि उनको रोजगार प्राप्त होता है या अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करने में समर्थ होते हैं।

एटीआई स्कीम के तहत ईएसडीपी के अलावा, संस्थान उच्च नियोज्यता संभावना वाले ऐसे प्रदत्त बाजार–चालित कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। ऐसे कार्यक्रम सामान्यतः स्कूल/कालेजों से नए पास हुए या छोड़ गए विद्यार्थियों के लिए, जो उचित रोजगार की तलाश में है, के लिए आयोजित किए जाते हैं। संस्थान ने वर्ष के दौरान 5,862 प्रतिभागियों के लिए 270 ऐसी प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित की। अधिकांश कार्यक्रम संस्थान के सहयोगियों के साथ सहयोग में विभिन्न स्थानों में आयोजित किए गए थे।

प्रारंभ से संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या और विभिन्न श्रेणियों के तहत लाभ–भोगियों की कुल संख्या दर्शाने वाला विवरण परिशिष्ट–क में संलग्न है।

संस्थान में विदेशी प्रतिनिधिमण्डल

संस्थान ने वर्ष के दौरान अपने कैम्पस में निम्नलिखित प्रतिनिधिमंडलों/दौरों की मेजबानी की : –

नार्थ केरोलीना यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधि–मंडल

1) लीबिया ने उद्यमिता और लघु व्यवसाय के संबंध में समृद्ध भारतीय अनुभवों से सीखने पर लक्षित द्विपक्षीय बातचीत करने के लिए 10 मई, 2013 को महामहिम, मलेशिया में लीबिया के राजदूत सहित डॉ. अली अल–इसावी, महामहिम, भारत में लीबिया के राजदूत ने संस्थान का दौरा किया।

   समाज के विभिन्न वर्गों में उद्यमी संस्कृति के फैलाव में संस्थान की गतिविधियों के बारे में और प्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा अधिकतम उद्यम सृजन पर लक्षित प्रयासों को संक्षेप में बताने के अलावा, प्रतिनिधिमण्डल को क्षेत्रों जहां संस्थान लीबियाई युवाओं के कौशल–उन्नयन और इसकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति को देखते हुए देश में उद्यमी संस्कृति फैलाने/बनाए रखने के लिए सहायता कर सकता है से अवगत कराया गया था।

2) 16 मई, 2013 को संस्थान में नार्थ केरोलीना यूनिवर्सिटी, यूएसए से भारत के दौरे पर आया हुआ 25 स्नातकोत्तर व्यवसाय विद्यार्थियों का समूह आया।

   शुरू में समूह को विभिन्न लक्षित समूहों के बीच उद्यमी संस्कृति फैलाने में भारत सरकार की योजनाओं और नीतियों के अलावा संस्थान के इतिहास और कई प्रकार की गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया गया था।

   सूक्ष्म और लघु उद्यमों के विकास में लंबे भारतीय अनुभव से उत्साहित होकर समूह ने उदारीकृत आर्थिक परिवेश में इन इकाइयों को पुष्टि प्रदान करने में भारत सरकार द्वारा किए गए उपायों में तीव्र दिलचस्पी भी दिखाई।

   उद्यमी पेशे के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने में आई चुनौतियों की सराहना करते हुए समूह के नेता ने आशा व्यक्त की कि भारत सरकार द्वारा अपनायी जा रही प्रगामी नीतियों से देश के लिए उद्यमिता और लघु व्यवसाय भविष्य के लिए अच्छा है।

3) विश्व लघु और मध्यम उद्यम संघ (डब्ल्यूएएसएमई) के अध्यक्ष श्री अलहाजी बाबेल उमेरू गरई (भूतपूर्व अध्यक्ष, सेंट्रल बैंक ऑफ नाइजीरिया) ने संघ के स्थानीय कार्यालय पदाधिकारियों के साथ 31 मई, 2013 को संस्थान का दौरा किया।

   बुनियादी रूप से अन्वेषणकारी दौरे पर श्री उमेरू गरई ने संस्थान की विविध गतिविधियों, विशेष रूप से इसके अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों और परामर्शी सेवाओं, जो यह अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों को प्रस्तुत कर सकता है, में गहरी दिलचस्पी दर्शायी। अध्यक्ष ने इस क्षेत्र में संघ की गतिविधियों को बनाए रखने में संस्थान के सहयोग और सहायता को प्राप्त किया।

4) अमहारा विकास संघ, इथोपिया के अमहारा क्षेत्र में आत्म–निर्भरता और सहयोगकारी संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध स्वैच्छिक संगठन से पांच सदस्यीय इथोपियाई प्रतिनिधिमण्डल ने 15 जनवरी, 2014 को क्षेत्र में उद्यमिता और कौशल विकास के संवर्धन में संस्थान की सेवाओं का उपयोग करने की संभावना का तलाश करने के लिए संस्थान का दौरा किया।

   संस्थान ने प्रतिनिधिमण्डल के साथ चर्चा के दौरान उनकी परियोजनाओं/प्रयासों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय एजेंसियों तक पहुंचाने में संघ को सहायता करने की भी पेशकश की। प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान की विविध गतिविधियों में गहरी दिलस्पी दर्शायी और संस्थान के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अधिकतम इथोपियाई प्रतिभागियों को प्रायोजित करने की उत्सुकता व्यक्त की।

संस्थान में अमहारा विकास संघ से इथोपियाई प्रतिनिधिमंडल

   संस्थान ने भारत में या उनके संबंधित देशों में उनकी सोसाइटियों के विशेष वर्गों के लिए प्रथागत/बनाए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की पेशकश की। प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का प्रावधान में प्रस्तुत किया गया ताकि सतत् आधार पर उनके संबंधित देशों में प्रशिक्षण गतिविधयां शुरू की जा सकेंगी। प्रतिनिधियमण्डल को मामले में आगे ठोस कार्रवाई करने के लिए इस संबंध में विशेष प्रस्ताव, यदि कोई हो, भेजने का अनुरोध किया गया था।

ENTREPRENEURSHIP
SKILLS

International Programme
on
Small Business Planning &
Promotion
(SBPP)

Desktop Publishing

बहुआयमी गतिविधियाँ

सू.ल.म.उ. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं को सहायता (एटीआई) स्कीम के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) और उद्यमिता–सह–कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) आयोजित करने का बुनियादी उद्देश्य प्रतिभागियों की अधिकतम संख्या में प्रशिक्षण के पश्चात् स्व–रोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। तथापि, ऐसा भी नहीं है कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थान द्वारा प्रशिक्षित सभी प्रतिभागी अनिवार्य रूप से स्व–रोजगार के लिए जाएं। विभिन्न कारणों से संबंधित प्रतिभागियों की सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि मुख्य होती है, इसलिए बहुत से प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण के पश्चात् रोजगार का चयन करते हैं। यह कहने की आव यकता नही है कि हम प्रि क्षण कार्यक्रम में उपस्थिति उनकी नियोज्यता में अत्याधिक सुधार करते हैं।

नियोज्यता में सुधार करने के लिए संस्थान द्वारा किए गए विभिन्न उपायों में, अन्यों के साथ–साथ, कार्यक्रमों का पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए उद्योग संघों/निकायों के साथ परस्पर संपर्क, उद्योग की आवश्यकताओं के प्रति अनुक्रियाशील और उनके संघटक – सदस्यों द्वारा प्रशिक्षित व्यक्तियों को अवशोषित करना, प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित करने के साथ प्लेसमेंट एजेंसियों आदि को शामिल करना, प्रशिक्षित व्यक्तियों और संभावित नियोजकों आदि के संदर्भ के लिए सभी उपयुक्त अवसरों के ब्यौरे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करना शामिल है।

संस्थान प्रशिक्षण के पश्चात् लाभदायक रोजगार ढूंढ़ने में अपने प्रशिक्षित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए क्रमबद्ध प्रयास भी करता है। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप देश में विभिन्न स्थानों पर भर्ती करने वालों एवं नौकरी चाहानें वालों के लिए रोजगार (नौकरी) मेला आयोजित कर रहा है। ये रोजगार मेला नियोजकों और नौकरी चाहने वालों के लिए साझा प्लेटफार्म प्रदान करता है, प्रशिक्षित व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाता है और प्रतिभागी कंपनियों/फर्मों के लिए कुशल व्यक्तियों की तुरंत उपलब्धता को सुनिश्चित करता है। यह संस्थान को प्रशिक्षित व्यक्तियों से संभावित नियोजकों की आवश्यकता/आशाओं के बारे में जानकारी भी देता है ताकि भविष्य में प्रशिक्षण गतिविधियों को तदनुसार संशोधित किया जा सके।

विगत कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणाम से उत्साहित होकर संस्थान ने प्रत्युत्तर में वर्ष के दौरान ऐसे चार रोजगार (नौकरी) मेले आयोजित किये, जिनका आयोजन क्रम ः नोएडा (जून, 2013), बद्दी (जुलाई, 2013), रांची (जनवरी, 2014) और इलाहाबाद (मार्च, 2014), स्थानों पर हुआ।

रोजगार (नौकरी) मेला में 2000 से अधिक प्रशिक्षित व्यक्तियों का 101 विभिन्न कंपनियों/फर्मों द्वारा नौकरी के लिए साक्षात्कार किया गया। 968 व्यक्तियों का चयन किया गया और उनमें से अधिकांश को उसी स्थान पर रोजगार

रांची में नौकरी मेला में प्रशिक्षणार्थी जनसमूह

का प्रस्ताव दिया गया। इसके अलावा, 600 व्यक्तियों को साक्षात्कारों के बाद के दौरों के लिए भी रखा गया। बैठक–रोजगार (नौकरी) मेला में भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों/फर्मों में ये शामिल थे : मेकडोनल्ड, कृष्णा इलेक्ट्रिकल वर्क्स, इंडोसोपुंग टूर, सोपुंग होलिडे इंडिया प्रा. लिमिटेड, मेमी दी हट्टी, हेरीटेज गारमेंट, पेन्टालून, पिजा हट, हल्दीराम, शोपर स्टाप और केएफसी।

4.1 क्षमता निर्माण

अन्य संस्थाओं की क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, सरकारी और एनजीओ द्वारा विभिन्न उद्यमी गतिविधियां करने से समाज के विभिन्न वर्गों में उद्यमी संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और अपनी स्वयं की गतिविधियों की पहुंच को बढ़ाने के लिए भी संस्थान ने अपने संबंधित उद्यमिता कार्यक्रमों में उनको सहायता देने के लिए अवधि के दौरान विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग किया।

संस्थान ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित संगठनों के साथ उनकी संबंधित गतिविधियों/सहयोगात्मक गतिविधियां करने के लिए समझौता ज्ञापन निष्पादित किया :–

City plus
DELHI NCR - EAST DELHI

JOB FAIR AND JOBS TO UNDERPRIVILEGED BY NIESBUD

प्रेस विज्ञप्ति : रोजगार मेला

रांची में नौकरी मेले के दौरान प्रशिक्षणार्थी आवेदन फार्म भरते हुए

- विश्वविद्यालय को प्रबंधन पाठ्यक्रमों के अपने विद्यार्थियों के लिए प्रबंधन और उद्यमिता विकास कार्यक्रमों (ईडीपी) को आयोजित करने में सहायता देने के लिए जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के साथ।
- प्रशिक्षित व्यक्तियों, अन्य संगठनों, के साथ सहयोग आदि के लिए हैंड–होल्डिंग सेवाओं के प्रावधान सहित प्रशिक्षण, अनुसंधान और अन्य हस्तक्षेपों के माध्यम से राज्य में उद्यमी परिवेश और लघु उद्योग के संवर्धन और विकास के लिए ''सूक्ष्म और लघु उद्योग तथा वस्त्रोद्योग मंत्रालय, पश्चिम बंगाल सरकार'' के साथ।
- उद्यम सृजन और रोजगार के लिए अशक्त व्यक्तियों को उद्यमी अभिविन्यास और हैंड–होल्डिंग सेवाएं प्रदान करने में सहयोग के लिए ''राष्ट्रीय विपणन ट्रस्ट (अरूनिम) सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण, भारत सरकार'' के साथ।
- विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से लघु उद्यमों की स्थापना का संवर्धन करने, उद्यमिता/स्व–रोजगार विकसित/संवर्धित करने में अन्य संगठनों को परामर्श देने, विभिन्न लक्षित समूहों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने और उद्यमिता से संबंधित गतिविधियां करने के लिए कौशल ज्ञान प्रदाताओं को स्थापित करने के लक्ष्य से संयुक्त प्रयास शुरू करने के लिए ''अरूणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज अरूणाचल प्रदेश'' के साथ।

इसके अलावा, वर्ष के दौरान मिलते–जुलते प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित संगठनों को रुचि की अभिव्यक्ति दी गई थी :–

- संभावित/मौजूदा उद्यमियों और उनके कार्यपालकों के लिए संयुक्त उद्यमिता विकास कार्यक्रम/कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) और प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी) आयोजित करने के लिए ''सिम्बोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डिवेलपमेंट'' द्वारा।
- प्रशिक्षकों/प्रवर्तकों की क्षमताओं में सुधार और लघु व्यवसाय मालिकों, कार्यपालकों आदि की अपने वित्तीय संसाधनों को अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रबंध करने के लिए संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन करने ओर आयोजित करने के लिए ''इनटयूइट इंडिया साफ्टवेयर सोल्यूशन प्रा. लि.'' द्वारा।
- अवसंरचना, मानव संसाधन आदि उपलब्ध कराने के माध्यम से उद्यमिता के क्षेत्र और संबद्ध क्षेत्रों में संबंधित गतिविधियों को करने, संयुक्त गतिविधियां आयोजित करने, विभिन्न लक्षित समूहों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम (एनडीपी) सहित कार्यक्रम, सम्मेलन कार्यशाला आदि, तीसरे पक्ष को सहयोगात्मक परामर्शी सेवाएं प्रदान करने और क्षेत्र में संयुक्त सीएसआर गतिविधियां करने में एक दूसरे को सहायता देने के लिए ''जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट, नोएडा'' द्वारा।
- एक–दूसरे की अवसंरचना और अन्य सुविधाओं का प्रयोग करके, डोन बोसको टेक सोसायटी के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण/अभिविन्यास कार्यक्रम संचालित करना, प्रशिक्षण संबंधी जरूरत के मूल्यांकन, कौशल/ट्रेड की पहचान करने, प्रशिक्षण मॉड्यूल/पाठ्यक्रम आदि के विकास के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण संबंधित गतिविधियों के संचालन में सहयोग, संबंधित गतिविधियों की प्रभाविता को बढ़ाने के लिए एक–दूसरे के संकाय का प्रयोग करने और संयुक्त गतिविधियां करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन डान बोसको सोसाइटी द्वारा।
- एक–दूसरे की अवसंरचना का प्रयोग करके प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, सीएआरटीई के अधिकारियों आदि के लिए क्षमता निर्माण/अभिविन्यास कार्यक्रम संचालित करने, प्रशिक्षण जरूरत के मूल्यांकन, कौशल/ट्रेड की पहचान करने, प्रशिक्षण मॉड्यूल/पाठ्यक्रम आदि के विकास और स्थानीय/क्षेत्रीय उद्योग संघ जैसे गाजियाबाद प्रबंधन संघ (जीएमए), उद्यमिता मंच बनाने, युवाओं के डाटाबेस का विकास, संबंधित गतिविधियों की प्रभाविता में सुधार के उद्देश्य से अनुसंधान/अभ्यास आदि के साथ संघ का विकास करने सहित प्रशिक्षण मॉड्यूल/पाठ्यक्रम आदि का विकास और संयुक्त गतिविधियां करने के लिए सीएआरटीई द्वारा।
- प्रभावी नौकरी पाने के प्रावधान के साथ संयुक्त बाजार/फीस आधारित कौशल विकास कार्यक्रम

(एसडीपी) आयोजित करने, प्रशिक्षक/उद्यमी आदान–प्रदान कार्यक्रमों में आस्ट्रेलिया और भारत में संबंधित अनुभवों/सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए शुरू करना, मास्टर प्रशिक्षकों के संवर्ग का सृजन करने के उद्देश्य से प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम संचालित कर समकालीन भारतीय स्थितियों को देखते हुए प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) तैयार करने और आयोजित करने के लिए आस्ट्रेलियाई वोकेशनल ट्रेनिंग एण्ड एम्प्लायमेंट ग्रुप प्रा. लि. द्वारा।

4.2 सूक्ष्म उद्यम की स्थापना

1) उद्यमिता विकास कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य रोजगार के बजाय सूक्ष्म यूनिटों की स्थापना के माध्यम से स्व–रोजगार अपनाने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना है। आदर्श उपलब्धि 10 प्रतिशत होनी चाहिए। सामान्यतः संबंधित प्राधिकारियों से सांविधिक स्वीकृतियां प्राप्त करने के पश्चात् किसी उद्यम की स्थापना में लगभग 1 वर्ष का समय लगता है। तथापि, यह देखा गया है कि अधिकांश प्रशिक्षणार्थी छोटी आयु के हैं, इसलिए वे पहले रोजगार के लिए प्रयास करते हैं।

2) वर्ष 2013–14 के दौरान संस्थान द्वारा सू.ल.म.उ. मंत्रालय की एटीआई स्कीम के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों के 4.2 प्रतिशत ने स्व–रोजगार में नियुक्त हुए हैं और अपने स्वयं के उद्यम स्थापित किए हैं। इस आंकड़े के बढ़ने की संभावना है क्योंकि इन प्रशिक्षित व्यक्तियों की सहायता पर अधिक बल दिया गया है।

3) स्थापित की गई इकाइयां मोटे तौर से कृत्रिम रत्न और आभूषण, मोबाइल मरम्मत, फैशन डिजाइनिंग, कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग, विद्युत आपूर्ति, इनवर्टर और यूपीएस की मरम्मत और अनुरक्षण, दुपहिया की अनुरक्षण और मरम्मत के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर हैं।

4) निसबड ने वर्ष 2013–14 के दौरान 28.2 प्रतिशत प्रतिभागियों कों रोजगार प्राप्त करने में मदद की। इस प्रकार कौशल विकास कार्यक्रमों में रोजगार फैशन डिजाईनिंग, वेब डिजाईनिंग, ईलैक्ट्रिक्ल गैजेट रिपेयर, कम्प्यूटर अकाउटिंग विद टैली इत्यादि ट्रेडों में दिलाया गया ।

कन्नौज (उत्तर प्रदेश) में ईडीपी सत्र प्रगति पर

4.3 साझीदार संस्थाओं के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रम

संस्थान ने अपनी प्रशिक्षण गतिविधियों की पहुंच को बढ़ाने के उद्देश्य से जमीनी स्तर के संगठनों, जो उद्यमी शिक्षा/विकास से संबंधित शैक्षिक गतिविधियों में कार्यरत हैं और उनके पास पर्याप्त अवसंरचना, सक्षम/अनुभवी संकाय और विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए वित्तीय व्यवहार्यता को साझीदार संस्थाओं के माध्यम से उद्यमिता विकास केन्द्रों की स्कीम के तहत अपने साझीदार संस्थानों के रूप में पैनल में लिया है।

संस्थान ने वर्ष के दौरान सू.ल.म.उ. मंत्रालय की प्रशिक्षण संस्थाओं को सहायता स्कीम के तहत साझीदार संस्थाओं (पीआई) के माध्यम से – लाभभोगियों के लिए – उद्यमिता –सह–कौशल कार्यक्रम (ईएसडीपी) आयोजित किए।

क्षेत्रीय केन्द्र, देहरादून की 20 साझीदार संस्थाओं के संस्थान से जुड़ने से स्कीम के तहत 31 मार्च, 2014 को इसके साझीदार संस्थाओं की कुल संख्या अब 61 है।

माननीय मंत्री श्री कलराज मिश्र, सचिव श्री माधव लाल, संयुक्त सचिव श्री एस.एन. त्रिपाठी, महानिदे ाक श्री अरूण कुमार झा के साथ निसबड परिसर का निरीक्षण करते हुए। साथ मे संयुक्त विकास आयुक्त श्री सैम्युलस।

5-1 निसबड आरंभ से अनुसंधान और मूल्यांकन कार्य में कार्यरत है। निसबड की अनुसंधान और परामर्शी सेवाएं व्यावसायिकों के दल से समर्थित हैं, जो अपने संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञ, शैक्षिक रूप से प्रवीण और उद्यमिता, अर्थशास्त्र, विपणन और बाजार अनुसंधान वित्तीय प्रबंधन, परियोजना की पहचान करने, मानव संसाधन विकास और सामाजिक विकास के विभिन्न अनुशासनों में अनुभवी हैं।

अनुसंधान अध्ययन की गतिविधियों का निसबड एक विशेष अंग है। पिछले वर्षों के दौरान निसबड ने अनुसंधान अध्ययनों के निम्नलिखित क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त की हैं।

- कार्यक्रम मूल्यांकन
- उद्योग विशेष अनुसंधान
- क्षेत्र योजना बनाना
- संसाधन संभावित मूल्यांकन
- उद्योग अवस्थिति मूल्यांकन
- बाजार सर्वेक्षण
- मांग मूल्यांकन
- प्रशिक्षण की जरूरत और पाठ्यक्रम विकास
- समूह विकास

5.2 हमारे पास राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान विशेषों (परामर्शदाताओं) की नामिक सूची है जिन्हें सामाजिक और विकास कार्यक्रमो पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। वर्ष 2012–14 से निसबड ने प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से आवंटित भारत सरकार के तहत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए 18 मूल्यांकन अध्ययन संचालित किए हैं।

5.3 वर्ष 2013–14 के दौरान इन स्कीमों के मूल्यांकन के तहत निम्नलिखित रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया गया और प्रस्तुत की गईं : ''आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन के लिए'' एचआर और मूल्यांकन (उषा) के लिए योजना स्कीम शहरी सांख्यिकी का समग्र कार्यान्वयन, ''लघु उद्योग के लिए बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार पर जागरूकता का निर्माण'', ''राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम (एनएमडीएफसी) की स्कीमों के तहत वित्तपोषित लाभभोगियों का सत्यापन'', सीपीएसई के अलग हुए कर्मचारियों के लिए परामर्श, पुनः प्रशिक्षण और पुनः तैनाती (सीआरआर) की स्कीम।''

5.4 संस्थान को प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ''आईएसओ 9000 / 14001 / एचएसीसीपी प्रमाणन प्रतिपूर्ति स्कीम का मूल्यांकन'', ''लोक उद्यम विभाग की सीपीएसई और एसएलपीई से संबंधित जातिगत मुद्दों संबंधी अनुसंधान, विकास और परामर्श की स्कीम का मूल्यांकन'' और वर्ल्ड विजन के लिए ''शहरी निर्धनों के लिए उपयुक्त हस्तक्षेप / गतिविधि की पहचान करना और मौजूदा तथा नई आजीविका गतिविधि का मूल्यांकन'' पर तीन अध्ययन प्रदान किए गए थे।

5.5 संस्थान को महिला और बाल विकास मंत्रालय की एसटीईपी स्कीम के तहत सात अध्ययन प्रदान किए गए थे जिन्हें निर्धारित समय में पूरा किया गया था। जो नामतः महिला उत्थान संस्थान, हस्तशिल्प परियोजना, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर स्वैच्छिक संघ, मछली फार्म परियोजना, दखिणगांव, असम, ग्रामीण शिल्पकार कल्याण सोसायटी, हस्तशिल्प परियोजना, जम्मू व कश्मीर, सभी पिछड़ी श्रेणी और आर्थिक विकास संगठन, कुक्कुट पालन परियोजना, थाडबल, मणिपुर, असम ग्रामीण विकास केन्द्र, गुवाहाटी, सूअर पालन परियोजना, असम, स्नेह बहुउद्देश्य संस्थान, डेरी परियोजना, नागपुर, महाराष्ट्र नेहरू युवा मंडल, बकरी फार्मिंग परियोजना, सतारा, महाराष्ट्र है।

5.6 पिछले दो वर्षों (2012–14) में निसबड द्वारा संचालित प्रमुख अनुसंधान अध्ययनों की सूची निम्नानुसार हैं :

क्रम. सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रमुख ग्राहक
1.	''बैद्धिक सम्पत्ति अधिकार की जागरूकता बनाना'' स्कीमों का मूल्यांकन अध्ययन	सू.ल.म.उ. मंत्रालय
2.	सू.ल.म.उ. को डिजाइन विशेषज्ञता के लिए डिजाइन क्लीनिक स्कीम का मूल्यांकन अध्ययन	सू.ल.म.उ. मंत्रालय
3.	राष्ट्रीय अवार्ड स्कीमों का मूल्यांकन अध्ययन	सू.ल.म.उ. मंत्रालय
4.	सू.ल.म.उ. का मूल्यांकन अध्ययन–प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र	सू.ल.म.उ. मंत्रालय
5.	टीआरईएडी स्कीम का मूल्यांकन	सू.ल.म.उ. मंत्रालय
6.	सीआरआर की स्कीम के तहत नोडल एजेंसी के निष्पादन का मूल्यांकन	लोक उद्यम विभाग
7.	एनसीआर में सू.ल.म.उ. इकाइयों में आईएसओ : 9000 प्रणाली प्रमाणन का प्रभाव अध्ययन	सू.ल.म.उ. मंत्रालय
8.	एसटीईपी का मूल्यांकन अध्ययन–पंजाब महिला डेरी परियोजना I और II (मिल्कफेड)	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
9.	एसटीईपी परियोजना का मूल्यांकन – महिला एवं बाल विकास–हस्तशिल्प (लखनऊ)	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
10.	एसटीईपी परियोजना का मूल्यांकन–डेरी परियोजना–नौगांव, असम	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
11.	एसटीईपी परियोजना का मूल्यांकन अध्ययन–महिला डेरी विकास, अलमोड़ा, उत्तराचंल (चरण–I)	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
12.	एनएमडीएफसी स्कीमों का मूल्यांकन अध्ययन	एनएमडीएफसी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

क्रम. सं.	अध्ययन का शीर्षक	प्रमुख ग्राहक
13.	"एचआर और निर्धारण के लिए शहरी सांख्यिकी (उषा)" योजना स्कीम का मूल्यांकन अध्ययन	आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय
14.	नेहरू युवा मंडल, बकरी फार्मिंग परियोजना, सतारा, महाराष्ट्र	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
15.	स्नेह बहुउद्देश्य संस्थान, डेरी परियोजना, नागपुर, महाराष्ट्र	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
16.	सभी पिछड़ी जाति और आर्थिक विकास संगठन, कुक्कुट पालन परियोजना, थोउबल, मणिपुर	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
17.	पूर्वोत्तर स्वैच्छिक संघ, मछली फार्मिंग परियोजना, दखिणगांव, असम	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
18.	ग्रामीण शिल्पकार कल्याण सोसायटी, हस्तशिल्प परियोजना, जम्मू व कश्मीर	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
19.	किरपाल शिक्षा संस्थान, डेरी परियोजना, हरिद्वार, उत्तराखण्ड	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
20.	असम ग्रामीण विकास केन्द्र, गुवाहाटी, सूअर पालन परियोजना, असम	म. एवं बा.वि. मंत्रालय
21.	सीपीएसई और एसएलपीई से संबंधित जातिगत मुद्दों पर अनुसंधान, विकास और परामर्श की स्कीम का मूल्यांकन	लोक उद्यम विभाग
22.	सीपीएसई के अलग हुए कर्मचारियों के लिए सीआरआर की स्कीम का मूल्यांकन	लोक उद्यम विभाग
23.	"शहरी निर्धनों के लिए उपयुक्त व्यवसाय हस्तक्षेप/गतिविधि की पहचान करना और मौजूदा और नई आजीविका गतिविधि को सुदृढ़ करने का मूल्यांकन" पर अध्ययन	वर्ल्डविजन इंडिया

महिला उद्यमिता सम्मेलन में सुश्री स्तुति कक्कर, सचिव, डिसएबिलटी मामले विभाग

श्री एस. के. मित्रा, भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक, नाबार्ड और श्री ए.के. झा, महानिदेशक, निसबड द्वारा सामाजिक उद्यमिता में उभरती प्रवृत्तियों पर चुने हुए प्रपत्र और टिप्पणियों का लोकार्पण

5.7 सम्मेलन, सेमिनार और कार्यशालएं

5.7.1 निसबड ने अशक्त व्यक्तियों में उद्यमिता के संवर्धन के लिए अरुणिम (ARUNIM) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 6 और 7 मार्च, 2014 को नेहरू युवा केन्द्र, नई दिल्ली में अशक्तता क्षेत्र पर विशेष संकेन्द्रण के साथ अरुनिम के साथ सहयोग का सामाजिक उद्यमिता का राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया था। सेमिनार के दौरान अशक्त व्यक्तियों द्वारा उद्यमों की स्थापना के लिए नियम पुस्तिका जारी की गई थी।

5.7.2 संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च, 2014 को महिला उद्यमिता शिखर सम्मेलन आयोजित किया। शिखर सम्मेलन में लगभग 12 विशेषज्ञों को विभिन्न सत्रों में बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया था। निसबड ने "उत्प्रेरित उद्यमिता" पर मामला पुस्तिका प्रकाशित की जो संभावित उद्यमियों और विद्यार्थियों को प्रेरित और मार्गदर्शन के लिए है जिसमे 20 सफल केस स्टडी का वर्णन है। इस पुस्तक को श्रीमती स्तुति क्कर, सचिव डिसएबिलटी विभाग, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण द्वारा प्रवर्त्तित किया गया था।

5.7.3 महिला उद्यमिता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन –चुनौतियों और उभरते हुए अवसर का आयोजन परिसर में दिनांक 20–21 मार्च, 2014 को हुआ। इसमें 34 से अधिक देशों नामतः भारत, इथोपिया, हंगरी, सूडान, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर, नेपाल, पौलेंड, मेडागास्कर, वेन्जुएला, कंबोडिया, पेरू, किरगिस्तान, लाइबीरिया, बांग्लादेश, कोमोर्स, कजाकिस्तान, श्रीलंका, कीनिया, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका, लिसोयो, नाइजीरिया, म्यांमार, लाओस, बुल्गारिया, गुनिया बिसाऊ, नाइजर, टूवालु, सीरिया, उज्बेकिस्तान, सेंट लुसिया, और मोरक्को से कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 20 से अधिक विशेषज्ञ वक्ताओं ने छह विविध विषयों के तहत अपने क्षेत्र के प्रपत्र प्रस्तुत किए।

5.7.4 संस्थान ने 12–13 अप्रैल 2013, को अपने नोएडा परिसर में "सामाजिक उद्यमिता : चुनौतियां और अवसरों में उभरती प्रवृत्तियां" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का

अंतर्राष्ट्रीय महिला उद्यमिता सम्मेलन में श्री राय एस. मथरानी, डीजी, आईसीआईएसए के साथ श्री ए.के. झा, डीजी, निसबड; साथ में श्रीमती रीता सेनगुप्ता, डॉ. आर.आर. सिंह, प्रशिक्षण अधिकारी, निसबड

श्री माधव लाल, सचिव, सू.ल.म.उ. बौद्धिक परिसंपत्ति सुविधा केंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए

आयोजन किया गया। सेमिनार, एशियाई उद्यमिता शिक्षा और विकास सोसायटी (एएसईईडी), नई दिल्ली, संस्थान का एक साझीदार संस्थान, के सहयोग से संस्थान द्वारा आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य प्रभावी कार्यनीतियां विकसित करना और स्थिर, सतत् और सफल सामाजिक उद्यमों में सामान्य परेशानियों से बचना था। 2 दिवसीय कार्यक्रम में नीति बनाने वाले, सामाजिक उद्यमी, उद्यमिता विकास संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य हिस्सादारों से 90 व्यक्तियों ने भाग लिया, इसमें सामाजिक उद्यमों को शुरू करने और निधियन के लिए संगत कानूनों और प्रक्रियाओं आदि जैसे मुद्दों को भी संबोधित किया गया था।

5.7.5 सीबीएसई के सहयोग से निसबड द्वारा उद्यमिता पर कुल 4 अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं। 20 विभिन्न स्कूलों से 55 से अधिक अध्यापकों ने कार्यशाला में भाग लिया जिसमें नई प्रशिक्षण रूपात्मकता और सीबीएसई के स्कूली अध्यापकों के लिए प्रभावी अध्यापन के लिए शिक्षा–शास्त्र पर ध्यान केन्द्रित किया गया था। निसबड ने अध्यापकों को उद्यमिता कार्यक्रम पर ई–लर्निंग सीडी भी वितरित की ताकि वे भारत में व्यावहारिक ढंग से विद्यार्थियों के बीच उद्यमिता की भावना/संस्कृति को कैसे सवंर्धित कर समझ सकें।

''स्कूलों में उद्यमिता पर अध्यापकों के लिए कार्यशाला'' – जयपुर में श्री संदीप सेठी, सीबीएसई, डॉ. शंकर गोयनका, संकाय और सुश्री श्रावणी श्रीवास्तव, निसबड

5.7.6 संस्थान ने 3 दिन के लिए देहरादून में कौशल और आजीविका विकास और कोयम्बतूर और शिलांग में सूक्ष्म व्यवसाय केन्द्र स्थापित करने पर आवास और शहरी निर्धनता उन्मूलन मंत्रालय, भारत सरकार के एसजेएसआरवाई के तहत 3 कार्यशालाएं आयोजित की। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य इन स्थानों में कौशल विकास, अवसरों और व्यवसाय की सहायता और आय देने वाली गतिविधियों की प्रासंगिकता को समझना था। शहरी विकास की गतिविधियों में कार्यरत नगर आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 97 प्रतिभागियों ने इन कार्यशालाओं में भाग लिया।

5.7.7 संस्थान ने भुवनेश्वर और रांची में 2 एक–दिवसीय राज्यस्तर की कार्यशालाएं भी आयोजित कीं। भुवनेश्वर कार्यक्रम सूक्ष्म उद्यमों के विकास और सूक्ष्म व्यवसाय केन्द्र पर नगरपालिकाओं के कार्यपालक अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था। रांची मे आयोजित कार्यक्रम मे स्वयं सहायता समूह बनाने पर सामुदायिक आयोजकों और शहरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अत्यधिक लोगों ने भाग लिया व कार्यक्रम की काफी सराहना की गई।

ENTREPRENEURSHIP
SKILLS

वैश्वीकरण का प्रौद्योगिकी उद्‌गम एवं व्यावसायिक सेवाओं के लिए वैश्विक बाजार में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी का गहरा प्रभाव रहा है। वर्षों से इस क्षेत्र के लिए उत्प्रेरक विनिर्माण, दूरसंचार, बीमा, बैंकिंग और वित्त थे और हाल ही में, ऑनलाइन खुदरा एवं थोक विपणन के लिए मंच बन गए है। नए परिदृश्य में यह स्पष्ट है कि सूचना प्रौद्योगिकी का भावी विकास जलवायु परिवर्तन, मोबाइल एप्लीकेशन, स्वास्थ्य देखभाल, ऊर्जा दक्षता तथा संधारणीय ऊर्जा विषय स्तरीय गति से ईंधनीकृत होगा। आने वाले समय में अधिक से अधिक एसएमई, आईटी एप्लीकेशन एवं सेवाओं के लिए काम करेंगे।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण उभरता क्षेत्र है। क्षेत्र ने नवीनात्मक कारपोरेट पद्धतियों के साथ एक नई उद्यमिता श्रेणी के विकास हेतु उपजाऊ भूमि के रूप में काम किया है और प्रतिभा पलायन के उत्क्रमण में, भारत की ब्रांड इक्विटी को बढ़ाने में तथा अन्य संबद्ध लाभों को बढ़ाने में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ डी आई) को आकर्षित करने में सहायक है। इस क्षेत्र के आकार में विगत में जबरदस्त गति से वृद्धि हुई है। आईटी उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 8 प्रतिशत है और लगभग 2.8 मिलियन लोगों को सीधे रोजगार प्रदान करता है और लगभग 8.9 मिलियन लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करता है। यह, इसके साथ ही भारत के निर्यात में भी अति महत्वपूर्ण रूप में सहयोग करता है।

यह इस पृष्ठभूमि में है कि निसबड ने बेरोजगार व्यक्तियों को देश के कुशल एवं उत्पादक शक्ति में परिवर्तित करते हुए अपनी प्रतिपादक बेहिसाब वृद्धि को बनाए रखने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी यंत्रों को अपनाया है। सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण संस्थान में समाज के बड़े भाग को फायदा पहुंचाने के लिए कार्यरत हैं। लगभग 25 करोड़ इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं के साथ आईटी के फायदे का नवीनतम उच्च स्तर के कौशल विकास कार्यक्रमों के क्षेत्र में मामूली लागत पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विस्तार किया जा सकता है।

वेबसाइट (आईटी परिदृश्य)

क्षेत्र के महत्व को देखते हुए और उद्यमिता प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं विकास की महत्वपूर्ण अपेक्षा को पूरा करने के क्रम में संस्थान व्यापक रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के जरिए आंतरिक कार्यनिष्पादन कर रहा है। कुछ उल्लेखनीय आईटी हस्तक्षेप, जिन्हें शुरू किया गया है, इस प्रकार हैं :–

1. वर्चुअल क्लस्टर : वेबसाइट msmevirtualclusters.in के जरिए सू.ल.म.उ. सहित सभी पणधारकों को एक साथ लाने के लिए एक मंच;
2. प्रशिक्षु डाटाबेस प्रबंधन (niesbudtraining.org);

वर्चुअल क्लस्टर की कार्यशाला के दौरान प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री माधव लाल, सचिव, सू.ल.म.उ.

3. देश में प्रशिक्षित व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जॉब पोर्टल (niesbudnaukri.com);
4. ई–लर्निंग मॉड्यूल्स : वेबसाइट (niesbudelearning.com) पर नवीनतम ई–लर्निंग मॉड्यूल्स;
5. देहरादून में निसबड के क्षेत्रीय कार्यालय में भी एक महत्वपूर्ण वेबसाइट है जो संस्थान के नियमित वेबसाइटों की कमी को पूरा करता है; (niesbud.nic.in, niesbud.org, niesbudnaukri.com, niesbudtraining.org, niesbudro.org);
6. प्रबंधन।

वर्चुअल क्लस्टर पोर्टल www.msmevirtualclusters.in

अपने सभी समूह सदस्यों को लाभ पहुंचाने के समूह आधारित दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने हाल ही में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के कार्यक्रम को सभी अन्य भागीदारों जैसे कि वित्तीय एवं शैक्षणिक प्रतिष्ठान,

विज्ञान भवन में सू.ल.म.उ. वर्चुअल क्लस्टर पोर्टल के लोकार्पण पर श्री अरुण कुमार झा, डीजी, श्री सुनील भारद्वाज, जेडी, निसबड और टीम

संबंधित उद्योगों के संघ, आपसी समझ एवं फायदों के जरिए तीव्र विकास हेतु सुसाधकों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए ''सू.ल.म.उ. – वर्चुअल क्लस्टर'' के नाम से एक मंच तैयार करने की कल्पना की है और सृजित किया है।

यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि यह हमारी मंत्रालय की एक स्वप्निल परियोजना थी जिससे सभी संबंधित व्यक्तियों को, विशेष तौर पर लघु एवं मध्यम उद्यमों को सुगमता प्रदान करने की चुनौती को स्वीकारा कर इस पोर्टल को अस्तित्व में लाया गया।

उपरोक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए संस्थान ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में 19 फरवरी, 2014 को आरंभ पूर्व कार्यशाला सफलतापूर्वक संचालित की है। कार्यशाला की अध्यक्षता श्री माधव लाल, सचिव, भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा की गई थी। इस कार्यशाला की बड़ी सराहना की गई थी।

पोर्टल को भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मंत्रालय के एक सरकारी समारोह के अवसर पर शुरू किया गया था।

पोर्टल के उद्देश्यों के अनुसरण में, संस्थान ने 6–7 जून, 2014 को एक दिन का ''वर्चुअल क्लस्टर पर कार्यशाला'' आयोजित की, साथ ही परिसर में श्री कलराज मिश्र, माननीय मंत्री, सू.ल.म.उ. भारत सरकार द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था। कार्यशाला, श्री माधव लाल, सचिव, सू.ल.म.उ., श्री एस.एन. त्रिपाठी, संयुक्त सचिव, सू.ल.म.उ. और श्री ए.के. झा, महानिदेशक, निसबड, के साथ–साथ पोर्टल से जुड़े अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। वित्तीय अव्यवस्था से जुड़े भारत की जनसंख्या, भौगोलिक विस्तार और क्षेत्रीय असंतुलनों पर विशेष प्रकाश डालते हुए माननीय मंत्री ने अपने जनसमूह में उद्यमीय प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने की जरूरत पर जोर दिया। निसबड के उद्देश्य को पूरा करने के कार्य हेतु माननीय मंत्री ने लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों में शामिल लोगों की जरूरत पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की चुनौती को स्वीकारने के संस्थान के प्रस्ताव पर खुशी व्यक्त की।

सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के मार्गदर्शन एंव सहायता केन्द्र

बढ़ते महत्व और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग के परिपेक्ष्य में, संस्थान ने सूचना प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षुओं, मौजूदा एवं उदीयमान उद्यमियों के मार्गदर्शन एवं सहायता करने के लिए एक सेंटर विशेष रूप से सृजित किया

है। सेंटर का उद्देश्य उद्यमियों पर साफ्टवेयर के जरिए गुणवत्ता सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह चुनौतियों से भरा अवसर है, क्योंकि बदलाव तेजी से एवं तीव्रतर घटित हो रहे हैं।

चुनौतियों का सामना करने के लिए तथा उत्कृष्टता हेतु इसे एक सेंटर बनाने हेतु इसके उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संस्थान ने निम्नलिखित क्षेत्रों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए हैं :–

- एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर विकास
- मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- वेबसाइट विकास
- आईटी परामर्शी सेवाएं
- स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन सेवाएं।

https://www.facebook.com/niesbud

https://www.twitter.com/NIESBUDNOIDA

https://www.linkedin.com/pub/niesbud-noida/50/497/719

https://www.youtube.com/channel/UCIfr1TBhMVQTpdcm4ILjlwA

https://plus.google.com/u/0/+NIESBUDNOIDA83/posts

उपरोक्त के अतिरिक्त, संस्थान ने विभिन्न सामाजिक मीडिया साइटों, जैसे कि फेस बुक, लिंकइडिन, ट्वीटर, यू ट्यूब और गूगल प्लस पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है, जहां, कोई भी कैम्पस में और कैम्पस से बाहर घटित घटनाओं पर जानकारी, फोटो, राइट–अप, समूह आदि की सूची प्राप्त कर सकता है। संस्थान पूरे भू–मंडल में इन साइटों के जरिए मंत्रालयों, कॉलेजों एवं संस्थानों, उद्यमी समूह में संबंधों को सुदृढ बना रहा है।

संस्थान के प्रकाशन एवं गतिविधियों को सोशल मीडिया साइटों पर नियमित रूप से देखा जा सकता है, जैसा कि जानकारी की सुलभता हेतु नीचे दिया गया है।

ई–लर्निंग पोर्टल एवं मुक्त शिक्षा संसाधन पहल

प्रशिक्षण की दुनिया बदल रही है, क्योंकि आधुनिक विश्व निरंतर विकास कर रहा है। अत्यधिक प्रगति होने से यह महत्वपूर्ण है कि प्रशिक्षण एक आसान तरीके में लर्नरों/विद्यार्थियों/संभावित कार्यबल तक पहुंचने में सक्षम हो ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सके। आज के लर्नर कल के लीडर, आविष्कारक, अध्यापक तथा सफल उद्यमी हो सकते हैं। उचित कौशल के बगैर इन लोगों के पास सफलता एवं उत्तरजीविता हेतु आवश्यक, विशेष रूप से उद्यमीय मार्ग पर अपेक्षित तैयारी नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त, सूचना प्रौद्योगिकी को शिक्षण प्रक्रिया के पुनःअभिकल्पन हेतु तथा इसे रूचिकर एवं प्रभावी बनाने के लिए लागू करने हेतु प्रशिक्षणों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के लिए जबरदस्त चुनौती खड़ी करता है। आजकल, आईटी, इंटरनेट आदि के प्रयोग से लागत प्रभावी तरीके में दूरतम क्षेत्रों में शिक्षा का व्यवस्थापन संभव है।

ई–लर्निंग को आधुनिक प्रौद्योगिकियों की मदद से शिक्षा प्रदान करने की पद्धति के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह गतिशील है, कम व्यय में शीघ्र शिक्षा प्रदान करने वाली प्रणाली है। ई–लर्निंग इंटरनेट के जरिए दिए गए विषय–वस्तु और अनुदेश का मिश्रण है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, संस्थान ने अधिक से अधिक आठ ई–लर्निंग माड्यूल (जो संस्थान की सभी वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं) निम्नलिखित विषयों पर शुरू करने का निश्चय किया है :–

- संचार कौशल
- वेब डिजाइनिंग
- साइबर सुरक्षा
- व्यक्तित्व विकास
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- गणितीय मॉडलिंग
- उद्यमिता विकास
- जावा भाषा

यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि इन मॉड्यूलों को सिर्फ न्यूनतम लागत पर तैयार किया जाता है और वहनीय मूल्यों पर विशेष तौर पर विद्यार्थियों, देश के बेरोजगार युवाओं तथा प्रत्याशित उद्यमियों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान की अगले वित्तीय वर्ष 2013–14 के अंत तक दूरतम क्षेत्र में गरीबतर लोगों तक पहुंचने के लिए विभिन्न विषयों पर अधिक से अधिक 50 ऐसे मॉड्यूल्स तैयार करने की योजना है।

संस्थान के प्रकाशन एवं गतिविधियों को सोशल मीडिया पर देखा जा सकता है और नियमित रूप से पालन किया जा सकता है :

Launch of EDP CD Module at Ranchi, Jharkhand

ई–लर्निंग सी.डी.

7.0 प्रशिक्षण

सौर ऊर्जा पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम

संस्थान ने सौर कारोबार को शुरू करने तथा इसे टिकाऊ बनाने के संबंध में जानकारी के प्रचार हेतु टीआरए इंटरनेशनल के सहयोग से सौर ऊर्जा पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू किया है। कैम्पस में पांच कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें भारत में सौर पीवी संयंत्रों एवं पैनलों की स्थापना के वित्तीय, तकनीकी एवं विनियामक पहलुओं पर जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

परियोजना प्रबंधन प्रशिक्षण

निसबड ने विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में, उद्योग विशेषज्ञों एवं परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञों के गहन सहयोग से निजी एवं सरकारी क्षेत्र में मौजूदा कंपनियों के साथ–साथ सरकारी एवं एनजीओ क्षेत्रों, उद्यमिता एवं लघु उद्योग समुदाय तथा विद्यार्थी समुदाय की भी जरूरत को पूरा करने के लिए निसबड परियोजना प्रबंधन प्रशिक्षण एवं प्रमाणन माड्यूल तैयार किया है।

वर्ष 2013–14 में रांची, पश्चिम बंगाल, नोएडा, गोवा, केरल तथा उत्तराखण्ड में लगभग 250 भागीदारों को लाभ पहुंचाते हुए 14 कार्यक्रम आयोजित किए थे।

7.1 विषय–वस्तु/मॉड्यूल विकास

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष अब तक प्रशिक्षकों/अध्यापकों को पठनकक्ष/लैब में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करते समय कार्यप्रणाली के महत्व को समझने हेतु कुल 15 प्रशिक्षण मैनुअल/मॉड्यूल तैयार किए गए हैं।

1. खुदरा प्रबंधन
2. मोम एवं मोमबत्ती बनाना
3. स्क्रीन प्रिंटिंग
4. मोबाइल की मरम्मत
5. प्लांबिंग एवं सैनीटरी फिटिंग
6. डेस्कटॉप पब्लिशिंग (डीटीपी)
7. डीजल ईंधन अंतःक्षेपण टैक्नीशियन
8. कोर जावा
9. सी/सी ++
10. ए सी रेफ्रीजिरेटर एवं वाटर कूलर की मरम्मत
11. कॉस्मेटोलॉजी एवं ब्यूटीशियन
12. वेल्डिंग सिद्धांत
13. इलेक्ट्रिक गैजेट रिपेयर
14. पावर सप्लाई, इंवर्टर एवं यूपीएस की मरम्मत एवं रखरखाव।

सौर ऊर्जा पर ईडीपी में भाग लेते प्रतिभागी

7.2 शैक्षिक

ए.आई.सी.टी.ई. से मंजूरी

संस्थान को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा उद्यमिता प्रबंधन में (60 सीट) दीर्घ अवधि (दो वर्ष) स्नातकोत्तर डिप्लोमा शुरू करने के लिए सिद्धांततः मंजूरी दी गई है। यह निसबड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और वह नये रास्ते खोलने का मार्ग प्रशस्त करेगा जिसमें संस्थान नई ऊंचाईयों तक पहुंचेगा।

शैक्षणिक वर्ष 2015–16 से उक्त स्नातकोत्तर डिप्लोमा को अपनी लिखित परीक्षा में शामिल करने के लिए सीएटी के साथ पत्राचार पहले ही शुरू किया गया है।

- संस्थान ने मंत्रालय की एसडीआई योजना के तहत मूल्यांकन निकाय के रूप में गठन करने हेतु महानिदेशालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण (डीजीईटी), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया है, जिसे सिद्धांततः मंत्रालय द्वारा सहमति मिल गई है।

7.3 अन्य

आई एस ओ 9001 : 2008 से प्रमाणित संस्थान

संस्थान को मार्च, 2014 के दौरान प्रबंधन प्रणाली आईएसओ 9001 : 2008 की अपेक्षाओं के लिए अनुपालक रूप में प्रमाणित किया गया है।

7.4 आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

निसबड ने दिसम्बर, 2012 में संस्थान के कर्मचारियों के लिए आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पहल शुरू की है, तब से हर माह 3 से 4 घंटे का प्रशिक्षण अनुभाग प्रमुखों, कार्यपालकों तथा समन्वयकों सहित सभी कर्मचारियों के लिए सुसंगत विषयों पर उपलब्ध है, जिसमें जानकारी एवं क्षमता के संबंध में व्यक्तियों के विकास के लिए मूल्य शामिल हैं। इन कार्यक्रमों की प्रभाव व उपर्युक्तता

के आधार पर अनुभाग प्रमुखों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा संस्थान के मध्य स्तरीय कार्यपालकों के लिए 22 अप्रैल से 25 अप्रैल, 2013 तक कानाताल में वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन का उद्देश्य पिछले वर्षों के कार्यक्रमों की समीक्षा, 2013–14 के लिए विकास योजना तथा अधिक प्रभावी रूप से एवं संशक्तिशील रूप में कार्य करने हेतु कर्मचारियों के लिए टीम निर्माण प्रक्रिया का समीक्षा करना था। सम्मेलन, अपने उद्देश्य के अनुसार लाभकारी साबित हुआ और जोर–शोर से काम कर रहे संस्थान के सभी अधिकारियों ने पूरे वर्ष वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तावित अपने लक्ष्यों के अनुसार काम किया। वर्ष 2013–14 में 12 आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे गए थे, जिनमें से कुछ शीर्षक निम्नानुसार हैं – बौद्विक –संपदा संरक्षण, अत्यधिक निष्पादन हेतु टीम निर्माण, खुशहाली लाना, सू.ल.म.उ. मंत्रालय तथा सू.ल.म.उ. नीतियों, भुगतान प्रक्रिया तथा फाइलिंग, ''व्यक्तित्व विकास हेतु प्रभावी श्रवण कौशल'' तथा स्मार्ट कार्य हेतु आईटी टिप्स, शास्त्रों में प्रबंधन सिद्धांत; छह विचारणीय विषय।

7.5 अन्य गतिविधियाँ

7.5.1 सहायता हेतु क्लस्टर हस्तक्षेप

संस्थान, एक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कैंची समूह, मेरठ में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) की स्थापना करने में निरंतर तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा हैं। साइट में फोर्जिंग, हीट ट्रीटमेंट, लेजर मार्किंग हेतु उन्नत मशीनें एवं जांच उपकरण लगाए गए है। भवन निर्माण कार्य को भी निविदा दस्तावेज के मानकों के अनुसार पूरा कर लिया गया है। संस्थान ने सी एफ सी स्थापना के संबंध में सरकार का शेयर जारी करने के लिए डीसी (सू.ल.म.उ.) के कार्यालय से भी अनुरोध किया है।

कपड़ा छपाई समूह, पिलखुवा के एसपीवी सदस्यों ने रासायनिक/सिंथेटिक रंगों के बदले में रंग की मजबूती और प्राकृतिक/वनस्पति रंगों से संबंधित समसामयिक प्रौद्योगिकी के लिए आवाज उठाई थी। पीतल के सामान बनाने वाले उद्यमियों के समूह, मुरादाबाद ने कोयले से जलने वाली भट्टियों के प्रयोग और इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए प्रयुक्त इलेक्ट्रोलाइट उत्पाद, जो अत्यधिक खतरनाक रसायन है, में साइनाइड की मौजूदगी के कारण कठिन जीवन संबंधी परिस्थितियों के बारे में सूचित किया था। इस संबंध में आधुनिक भट्टियों के प्रौद्योगिकीय प्रदर्शन उनके बारे में बताने के लिए आयोजित किया गया था।

संस्थान क्लस्टर उत्पादों को विपणन संवर्धनात्मक सहायता प्रदान करने की दिशा में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ), 2013 में समूह एक्टरों की भागीदारी में सहायक था। पीतल सामान समूह, मुरादाबाद, बोनक्राफ्ट समूह, लोनी, सिजर्स समूह मेरठ और कपड़ा छपाई समूह, पिलखुवा के उत्पादों को मेले के दौरान प्रदर्शित किया गया था और उद्यमियों ने खरीदारों से सीधे बातचीत की। इसने कारीगरों को बाजार लिंकेज विकसित करने और अपने आप को निर्यात अवसरों से अवगत कराने का अवसर उपलब्ध कराया।

संस्थान ने वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान, समूहों, नामतः, कपड़ा छपाई समूह, पिलखुवा, शीशा सामान समूह, फिरोजाबाद, बोनक्राफ्ट समूह, लोनी, कारपेट समूह, पानीपत, सिजर्स समूह, मेरठ, मिट्टी के वर्तन समूह, खुर्जा, कपड़ा छपाई समूह, जयपुर, पीतल सामान समूह, मुरादाबाद, गुच्छेदार कारपेट हेतु आधुनिक कारपेट बैंकिंग प्लांट, भदोही तथा क्रिकेट बैट विनिर्माण उद्योग समूह अनंतनाग में गुणवत्ता प्रबंधन मानक और गुणवत्ता प्रौद्योगिकी यंत्रों पर 10 (दस) एक दिवसीय जागरूकता अभियान आयोजित किए, जिसमें उद्यमियों/समूह एक्टरों ने प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। भागीदार नवीनतम

श्री माधव लाल, सचिव, सू.ल.म.उ. – श्री अमरेन्द्र सिन्हा, एएस और डीसी, सू.ल.म.उ. श्री एस.एन. त्रिपाठी, जेएस, सू.ल.म.उ., श्री ए.के. झा, महानिदेशक, निसबड, श्री सुनील भारद्वाज, जे.डी, और सुश्री शिवी, निसबड के साथ आईआईटीएफ, 2013 में निसबड स्टाल का उद्घाटन करते हुए

श्री डी.के. सिंह, संकाय विकास वस्त्र छपाई समूह दस्तकार, पिलखुआ के साथ बातचीत करते हुए

क्यूएमएस/क्यूटीटी को अपनाने के लिए संवेदी एवं उत्साहित थे। भागीदारों के लिए दो विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण मानक 9001 और 14001 लागू किए गए थे। इन मानकों के संबंध में ''प्रमाणित यूनिट'' की व्याख्या और यूनिट की व्यावसायिक संभावना पर इसके प्रभाव के बारे में भागीदारों को बताया गया था। भागीदारों को इस विषय पर विचार मंथन करने को कहा गया था कि जानकारी एवं बहुमूल्य डाटा, जिसे 7 क्यूसी टूल्स के प्रयोग के लिए उपलब्ध कराया गया है, उन्हें अपनी कारोबार प्रक्रियाओं पर अच्छी तरह नियंत्रण पाने में कैसे मदद कर सकता है। अपर्याप्त विनिर्माण एवं छह सिग्मा की उन्नत संकल्पना को भी लागू किया गया था और भागीदारों को इस संबंध में जागरूक बनाया गया था कि ये कैसे सुसंगत थे और विकासशील उद्योग के लिए पूरी तरह अत्यावश्यक थे।

क्षेत्रीय कार्यालय ने अब तक उत्तराखण्ड में दो (2) हथकरघा समूहों का संचालन किया है। ये समूह डुन्डा, उत्तरकाशी एवं मंगलौर, हरिद्वार समूह हैं। क्षेत्रीय कार्यालय ने हथकरघा समूह डुन्डा, उत्तरकाशी में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) की स्थापना हेतु तकनीकी इनपुट उपलब्ध कराए हैं।

संस्थान ने इन दो (2) समूहों के लिए इसके विपणन पहलों के भाग के रूप में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ), हथकरघा एक्सपो, दिल्ली हॉट और राष्ट्रीय खादी व्यापार मेले में भाग लिया। इन समूहों के उत्पादों को मेले के दौरान प्रदर्शन–मंजूशा में रखा गया था। इसने समूह एक्टरों को भावी खरीदारों के साथ सीधे आपसी बातचीत करने तथा बाजार लिंकेज विकसित करने के अवसर भी उपलब्ध कराए। इसने कारीगरों को अपने आप को विपणन प्रवृत्तियों/ग्राहकों की प्रत्याशाओं, विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों के साथ परिचित होने का अवसर भी प्रदान किया। इससे समूह एक्टरों को समसामयिक पद्धतियों के सामंजस्य में उत्पाद विविधता के संबंध में आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान किया।

7.6 प्रकाशन

निसबड ने ''उत्प्रेरित उद्यमिता'' पर एक पुस्तक प्रकाशित की, जिसमें भावी उद्यमियों एवं विद्यार्थियों को प्रेरणा देने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए उद्यमियों के 20 अध्ययन शामिल हैं। पुस्तक का विमोचन, सचिव, अशक्तता कार्य विभाग, सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा किया गया था, इसमें निसबड के भावी उद्यमियों एवं प्रशिक्षुओं को प्रेरित करने के लिए 20 सफल पहली पीढ़ी के उद्यमियों का सार–संग्रह है।

निसबड ने अशक्तता क्षेत्र पर जोर देते हुए सामाजिक उद्यमिता पर एक संसाधन नियम–पुस्तक भी तैयार की है, जिसका विमोचन सचिव, अशक्तता कार्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया गया था। नियम–पुस्तक में सामाजिक उद्यम की स्थापना के संबंध में, विशेष तौर पर अशक्त व्यक्तियों

अरुणिम और निसबड द्वारा आयोजित उद्यमिता पर सेमिनार के दौरान श्रीमती स्तुति कक्कर, सचिव, डिसएबिलटी मामलों द्वारा संसाधन पुस्तक का लोकार्पण; डायस पर श्री दिनेश अवस्थी, संयुक्त सचिव, डिसएबिलटी मामले, श्रीमती पूनम नटराजन, अध्यक्ष, अरुणिम, श्री अरुण कुमार झा, महानिदेशक।

के लिए समस्त जानकारी शामिल है। नियम–पुस्तक का उद्देश्य लोगों को अशक्तता क्षेत्र में अशक्त व्यक्तियों की उन्हें रूटमैप उपलब्ध करवा कर मदद करने और क्षमता निर्माण हेतु सामाजिक उद्यमिता ग्रहण करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

संस्थान ने सू.ल.म.उ मंत्रालय की ओर से मंत्रालय के प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई) योजना के तहत मानकीकृत विषयों के पाठ्यक्रम शीर्षक की एक पुस्तक को प्रकाशित किया।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी बी एस ई) की ओर से कक्षा 11 और 12 के लिए उद्यमिता पर पाठ्य पुस्तकों के पुनः आविष्कार करने के कार्य को अवधि के दौरान पूरा कर लिया गया था। बोर्ड के साथ चर्चा में यह स्पष्ट किया गया कि पाठ्यक्रम विषय–वस्तु को, जैसा कि कक्षा 11 के लिए संस्थान द्वारा तैयार किया गया है, कक्षा 11 की कक्षाओं के लिए वर्तमान पुस्तक के लिए संदर्भ के रूप में और कक्षा 12 की कक्षाओं के लिए संसाधन पुस्तक के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

7.7 उद्यम अभिप्रेरण प्रशिक्षण (ईएमटी) किट

उद्यम अभिप्रेरण प्रशिक्षण किट को संस्थान द्वारा तैयार किया गया है और यह छह गेमों और अभ्यासों का संग्रहण है। यह विकासशील उद्यम आचरण एवं अभिप्रेरण हेतु परीक्षित सहायता है। कार्यक्रम अवधि के दौरान ये अभ्यास/टूल्स उपयोगी डाटा तैयार करने में महत्वपूर्ण होते हैं, जो प्रशिक्षकों के लिए सिर्फ किसी उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के लिए उद्यमियों/प्रशिक्षकों की पहचान करने और उनका चयन करने के लिए ही बेहद महत्व का नहीं है, बल्कि उद्यमी क्षमताओं को सुदृढ़ बनाने के लिए भी बेहद महत्व का है। किट को प्रशिक्षण संस्थानों के एच आर व्यवसायियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए और कारपोरेट द्वारा अभिप्रेरण विकास के लिए तेजी से प्रयोग किया जा रहा है।

7.8 सूचना पत्र

वर्ष के दौरान, संस्थान ने अपने सूचना पत्रिका के प्रकाशन को फिर से शुरू किया है। सूचना पत्रिका को तिमाही प्रकाशन बनाया गया है और वर्ष के दौरान इसके तीन अंक तैयार किए गए थे। सूचना पत्रिका प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शैक्षिक/अन्य कार्यकलापों, आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा संस्थान के अन्य कार्यकलापों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। आकर्षक अभिकल्पित खंडों के जरिए यह सू.ल.म.उ. तथा संबद्ध क्षेत्रों की विभिन्न योजनाओं, घटनाओं, समाचारों आदि के बारे में उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराता है। सूचना पत्र क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न प्रमुख व्यक्तित्वों/संगठनों के सहयोग का विशेष उल्लेख करने के अलावा, युवा लीडरों के लिए जीवनक्षम जीविका विकल्पों के बारे में भी सूचित करता है। सूचना पत्र को क्षेत्र में इच्छुक विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और व्यक्तियों को निःशुल्क भेजा जाता है।

7.9 प्रलेखन

वर्ष के दौरान, प्रलेखन सेंटर अर्थात वर्तमान जागरूकता सेवा, एसडीआई और प्रेस क्लिपिंग सेवाओं, आदि की सेवाओं को नियमित रूप से उपलब्ध कराया गया। संस्थान ने अपनी पुस्तकालय के विभिन्न प्रचालनों को, जिसमें उद्यमियों, परियोजना, वित्त, मानव संसाधन, विपणन, व्यवहारात्मक विज्ञान एवं संबंधित विषयों से संबंधित लगभग 5,300 खंड हैं, अत्यधिक संख्या में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दैनिकियों एवं पत्रिकाओं के साथ संबंधित विषय हैं, कम्प्यूटरीकृत किया है।

7.10 उद्यमियों को परामर्श

संस्थान, मौजूदा एवं संभावित उद्यमियों एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) संगठनों को अपने बहुपक्षी कार्यकलापों में सलाह एवं परामर्श प्रदान कर रहा है। इस प्रकार, यह समाज में उद्यमियों के संवर्धन/विकास के कार्य में मदद करता है। पांच सौ मौजूदा/संभावित उद्यमियों, विकास संगठनों/संस्थानों से अधिक लोग संस्थान द्वारा उपलब्ध मार्गदर्शन से लाभान्वित हुए हैं। मार्गदर्शित बहुसंख्य संभावित उद्यमियों ने अपने स्वयं की आर्थिक उद्यमों को शुरू करने में अत्यधिक रूचि दिखाई।

8.1 इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्टरप्रिन्योरशिप (आईआईई) के पूर्ववर्ती क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी एवं देहरादून को 1 अप्रैल, 2013 से निसबड में शामिल किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यकलाप, निसबड में शामिल करने के बाद दो गुना बढ़ गए हैं। क्षेत्रीय कार्यालय ने 1,570 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और 2013–14 में 38,888 भागीदारों को प्रशिक्षित किया है, जो पिछले वर्ष के निष्पादन से काफी अधिक है। क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 2013–14 में सृजित राजस्व 11,31,90,403 रुपए है। क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यकलापों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

2013–14 से निसबड, क्षेत्रीय कार्याल, देहरादून द्वारा संचालित कार्यक्रम			
क्रम सं.	बाजार उन्मुखी कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	भागीदारों की संख्या
1	टीओटी	7	85
2	एमडीपी	30	687
3	एफडीपी	1	29
4	ईएसडीपी/ईडीपी	134	2600
5	कार्यशालाएं/सेमिनार	4	116
6	ई–लर्निंग ईडीपी	833	20825
	;kx	1009	24342
क्र.स.	प्रायोजित कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	भागीदारों की संख्या
1	डीआई, केवीआईसी, एनएमडीएफसी, टीएचडीसी द्वारा ईडीपी	48	1325
2	सू.ल.म.उ. (एटीआई) कार्यक्रम	487	12561
3	सू.ल.म.उ. (एटीआई) कार्यक्रम	26	660
	योग	**561**	**14546**
	सकल योग	**1570**	**38888**

8.2 अपने नियमित प्रशिक्षण कार्यकलापों के अलावा, संस्थान ने उद्यमिता हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। ट्रेनरों/प्रोमोटरों की मांग स्पष्ट रूप से बढ़ रही है; जिसमें उद्यमी आजीविका हेतु इच्छुक व्यक्तियों की बढ़ती संख्या और उद्यम प्रशिक्षण, जिस पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने हेतु जोर दिया जा रहा है, शामिल है। इन प्रशिक्षण कार्यकलापों का प्राथमिक उद्देश्य, विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षकों/प्रोमोटरों की क्षमताओं का विकास करना/उन्हें सुदृढ़ बनाना है, ताकि वे अपने संबंधित कार्यों को प्रभावी रूप से पूरा कर सकें। 2013–14 में, क्षेत्रीय कार्यालय ने उद्यमिता पर कुल 7 प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए हैं और 85 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है। ये क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून कैम्पस में संचालित पांच दिवसीय कार्यक्रम हैं।

8.3 संस्थान, संगठनों के पदाधिकारियों के लिए विभिन्न अभिविन्यास/पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यकलाप चला रहा है ताकि सौंपे गए जॉब को प्रभावी एवं दक्ष तरीके में पूरा करने में उनकी क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। वर्ष 2013–14 के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय ने 30 एमडीपी संचालित किए हैं

श्री एन.एस. बिन्द्रा, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग, उत्तराखंड सरकार के साथ डॉ. पूनम सिन्हा, क्षेत्रीय प्रमुख, निसबड प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए

श्री उमेश शर्मा, एमएलए रायपुर, ईएसडीपी के माननीय मुख्य अतिथि, गृह व्यवस्था और आतिथ्य, विदाई समारोह पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए

और 687 भागीदारों को प्रशिक्षित किया है। क्षेत्र में उद्यमिता बढ़ाने के लिए कार्यशाला और सेमिनार भी आयोजित किए गए थे। क्षेत्रीय कार्यालय ने (4) चार कार्यशाला/सेमिनार आयोजित किए हैं। 116 भागीदारों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

8.4 सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए तथा ऐसे यूनिटों को जीवनक्षम संस्था बनाने के लिए संस्थान ने पहली पीढ़ी के उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं। संस्थान, युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का उद्देश्य विभिन्न प्रबंधकीय एवं प्रचलनात्मक कार्यों से संबंधित अभिविन्यास एवं जागरूकता मुहैया कराना है। क्षेत्रीय कार्यालय ने पहली पीढ़ी के उन उद्यमियों के लिए (14) चौदह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ऋण लिया है। 303 भागीदारों ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 18 उद्यमिता विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। ये कार्यक्रम उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रायोजित किए गए थे। 2 उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी), राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकस एवं वित्त निगम द्व ारा प्रायोजित किए गए थे और 60 भागीदारों को प्रशिक्षित किया गया था। ये कार्यक्रम पहली पीढ़ी के उद्यमियों के लिए अपने उद्यम स्थापित करने हेतु लाभकारी थे।

8.5 क्षेत्रीय कार्यालय ने वर्ष के दौरान सू.ल.म.उ. मंत्रालय के प्रशिक्षण संस्थानों को सहायता (एटीआई) योजना के तहत 513 उद्यमिता–सह–कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) आयोजित किए हैं, जिसमें 13211 व्यक्तियों ने भाग लिया था। 100 घंटे से 300 घंटे की रेंज के कार्यक्रमों में 23 व्यवसायों सहित कुल 63 अलग–अलग ट्रेड शामिल हैं, जिनमें कार्यक्रम वर्ष के दौरान पहली बार आयोजित किए गए थे। कई कार्यक्रम स्वयं संस्थान द्वारा हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंण्ड राज्य में आयोजित किए गए थे। जैसा कि इनमें से कई कार्यकलाप, कैम्पस से बाहर के कार्यक्रम थे, उनकी प्रभाविता को बनाए रखने के लिए इन्हें नियमित रूप से मॉनीटर किया जा रहा था। इन कार्यकलापों की एक उल्लेखनीय विशेषता यह भी थी कि एक साथ कुल प्रशिक्षित व्यक्तियों के 40 प्रतिशत व्यक्तियों ने एक साथ स्व–रोजगार प्राप्त किया।

श्री किशन नाथ, अपर सचिव, सू.ल.म.उ., उत्तराखंड सरकार, डॉ. पूनम सिन्हा, क्षेत्रीय प्रमुख, निसबड नेतृत्व और टीम निर्माण पर विदाई समारोह पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए

निसबड का विकास पिछले 4 वर्षों के दौरान अभूतपूर्व रहा है और अगले 2–3 वर्षों में इसे संधारणीय बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता अच्छे सहयोगियों को जोड़ना, डाटाबेस प्रणाली, मॉनीटरिंग, अनुभाग प्रमुखों के बीच और सभी कर्मचारियों के साथ हर माह आंतरिक नियमित विचारमंथन, कई आईटी हस्तक्षेप प्रमुख कारक हैं, जो विकास को बल देते हैं। इसके अलावा, निसबड इन कारकों में सतत रूप से सुधार कर रहा है। वास्तव में इसका कारण वे कर्मचारी हैं, जो इसमें गहरी लगन के साथ काम कर रहे हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, कार्यपालक एवं संचालन परिषद के असाधारण सहयोग ने इसे संभव बनाया है।

ग्राफ 9.1 राजस्व सृजन (लाख ` में)



